दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

52 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

वर्ष 53/ अंक 01/ पृष्ठ 12 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 15 जुलाई 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


## चलना ही जिंदगी है... दैनिक सांध्यप्रकाश

तूफानों और झंझावातों से वास्ता पड़ा है।

आपके प्यार से सांध्यप्रकाश आज भी खड़ा है।।

सच यह है कि हम तूफानों का सामना कर रहे हैं। सच यह है कि आज पूरे देश ही नहीं पूरे विश्व में अखबार यानि प्रिंट मीडिया संकट के दौर से गुजर रहा है। सच यह है कि आज सिद्धांतों और आदर्शों पर चल कर मुकाम पाना बहुत ही दुष्कर कार्य है। ....और सच यह भी है कि हम तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए आज भी आपके सामने मौजूद हैं। उसी रंग में। उसी ढंग में। उसी कलेवर में। उसी स्वाद के साथ। तभी तो हम आज भी कहते हैं- आज की खबरों का कल तक क्यों इंतजार, जब हो सांध्यप्रकाश।

सांध्यप्रकाश ने अपने बावन वर्षों के सफर में ढेरों राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक और व्यावसायिक खट्टे-मीठे अनुभव प्राप्त किए हैं, और इस दौरान कोविड जैसी बीमारी के संक्रमण पूरे विश्व का सामना भी हुआ। लाक डाउन लगा। सड़कों पर सन्नाटा और अस्पतालों से लेकर श्मशान घाटों पर भीड़ के बेहद दुखद दृश्य भी देखने को मिले। फिर भी हम मैदान में डटे रहे।

वर्तमान परिदृश्य में एक अखबार का प्रकाशन तमाम चुनौतियों के साथ ही खतरों से खेलने वाले स्टंट से कम नहीं है। महामारियों ने पूरी अर्थव्यवस्था को तोड़ कर रख दिया है, अधिकांश कारोबार आज भी ठीक से खड़े नहीं हो पाए हैं। सरकारें कर्ज में गले-गले तक डूबी हुई हैं और महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही।

अब तो दुखद घटनाओं का तांता लगा हुआ है। कहीं बाढ़ के दृश्य हैं तो कहीं लोग कर्ज के चक्कर में परिवार सहित आत्महत्या करने को विवश हैं। कुछ देश युद्ध में लगे हैं तो कहीं धर्म और जातियों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है।

ऐसी परिस्थितियों में अखबार प्रकाशन अनवरत कैसे जारी रहे? बस यही सवाल मन-मस्तिष्क में कौंधता रहता है। पिछले दो-तीन सालों के अनुभव यही बताते हैं कि अब विशेषकर अखबारों के लिए समय बहुत ही कठिन है। आने वाला समय और कठिन हो सकता है। सरकारों में बैठे राजनीतिज्ञों और अफसरशाहों में या तो उतनी बौद्धिक क्षमता नहीं है कि वे अखबारों का सही मूल्यांकन कर सकें, या फिर यह भी हो सकता है कि जानबूझकर पत्रकारिता को गर्त की ओर धकेलने का कुत्सित षड्यंत्र वहां भी चल रहा है।

समाचार पत्रों का इतिहास भले ही कितना ही समृद्ध हो, परंतु वर्तमान ठीक नहीं कहा जा सकता। आज़ादी के आंदोलन के समय देशव्यापी क्रांतिकारी गतिविधियों को सक्रियता मुख्य रूप से हिंदी के समाचार पत्र-पत्रिकाओं से मिली थी। हिंदी पत्रकारिता में गणेश शंकर विद्यार्थी और अन्य हस्तियों ने अपने जोश भरे लेखन से क्रांतिकारी आंदोलन को जन आंदोलन से जोड़ने का काम किया। युवाओं में व्याप्त निराशा को दूर कर उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित किया। मिशन की भावना से पत्र-पत्रिकाओं और किताबों का प्रकाशन किया। लेखन किया। उस आजादी में अखबारों का विशेष योगदान था।

परंतु आज ऐसा अनुभव हो रहा है, मानो स्वतंत्रता पर ग्रहण लगा हो। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर प्रेस की आवाज को दबाने के प्रयास भी चल रहे हैं। उस पर इलेक्ट्रानिक मीडिया का दौर, फिर सोशल मीडिया का इस सब पर हमला। अस्तित्व बचाए रखना ही मुश्किल हो रहा है।

ऐसी विषम परिस्थितियों में भी दैनिक सांध्यप्रकाश ने न केवल प्रकाशन जारी रखा हुआ है, अपितु अपनी पहचान को भी कायम रखने के प्रयासों में सफल रहा है। मध्यप्रदेश की राजधानी से जब 15 जुलाई 1971 को शाम के अखबार के रूप में सांध्यप्रकाश का प्रकाशन प्रारंभ हुआ, उस समय सुबह के ही अखबार गिने-चुने हुआ करते थे। शाम के अखबार का तो यहां चलन ही नहीं था। संभवतः सांध्यप्रकाश देश का पहला सांध्यकालीन समाचार पत्र था। लोगों के पढ़ने की आदत कैसे होती? परंतु स्वर्गीय सुरेंद्र पटेल को ऐसे टास्क लेने का शौक था। शुरू कर दिया शाम का अखबार। वो भी फुल साइज, जबकि शाम के अखबार टेब्युलेट साइज में ही निकलते थे।

कुछ नया किया। और सफल रहे। उनके साहस और पत्रकारिता के प्रति निष्ठा ने आखिर विजय प्राप्त की। पत्रकार साथियों की टोली के साथ ही सामान्य लोगों, राजनेताओं और अधिकारियों से भी चर्चा किया करते थे। जनता के बीच उठते-बैठते। उसके टेस्ट के बारे में जानते और फिर प्रयोग करते। टीम वर्क के सहारे सांध्यप्रकाश ने बहुत जल्द अपनी जगह बना ली। शाम के अखबार के रूप में पहचान तो बनाई ही, विश्वसनीयता भी कायम की।

एक समय ऐसा भी आया कि लोग शाम को अखबार तलाशते थे। सुबह के अखबारनबीस भी सांध्यप्रकाश तलाशते, दिन की कोई घटना जो नहीं छूटती थी। फिर, कुछ अलग भी मिलता पढ़ने के लिए। इस यात्रा में वैसे तो कई लोगों का साथ रहा है, परंतु संस्थापक स्वर्गीय सुरेंद्र पटेल के साथ उनकी पत्नी और अखबार की प्रबंध सलाहकार श्रीमती भारती पटेल ने हर कदम पर उनका साथ दिया। आज भी वह एक स्तंभ की तरह सांध्यप्रकाश के साथ खड़ी हैं।

आज हम एक बार फिर सांध्यप्रकाश का स्थापना दिवस मना रहे हैं। सामने अनगिनत चुनौतियां हैं। संघर्ष हमारा स्वभाव है और विजय ईश्वर का आशीर्वाद। हां, प्रयास है पत्रकारिता के मानदंडों और मूल्यों का सम्मान। हौसले हैं, तभी तो-

चट्टान सी खड़ी रही मुसीबतें,


सागर की लहरें बन टकराता रहा आपका अपना सांध्यप्रकाश..।

-संजय सक्सेना

# अबू धाबी पहुंचे मोदी तिरंगा हुआ बुर्ज खलीफा







**अबू धाबी।** फ्रांस के 2 दिन के दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिन के लिए श्र पहुंच गए हैं। यहां अबू धाबी के एयरपोर्ट पर उन्हें यूएई के क्राउन प्रिंस शेख खालिद ने रिसीव किया। इसके बाद वो राष्ट्रपति शेख मोहम्मद जायद अल-नाहयान से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के स्वागत में बुर्ज खलीफा पर तिरंगे और उनकी तस्वीर के साथ वेलकम ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी लिखा गया।

पीएम बनने के बाद ये उनका 5वां यूएई का दौरा है। 2019 में पीएम मोदी को यूएई ने अपने सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया था। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को लेकर चर्चा होगी। भारत और यूएई काफी समय से डॉलर छोड़ दिरहम और रुपए में व्यापार करने के समझौते पर डिस्कस कर रहे हैं।

## आष्टा में दिव्यांगों को क्रत्रिम अंग वितरित किए मुख्यमंत्री ने



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आष्टा के मुखर्जी मैदान में लाड़ली बहना सम्मेलन में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग वितरण किए। उन्होंने लाड़ली बहना सेना प्रशिक्षण बुकलेट का विमोचन किया और आजीविका मिशन की महिलाओं से संवाद भी किया। आष्टा में नगर पालिका कम्युनिटी हॉल से रोड-शो निकाला गया, जिसमें व्यावसायिक संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि तथा लाड़ली बहना सेना की बहनें शामिल हुए। रोड-शो में विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों पर केन्द्रित प्रदर्शनियाँ भी शामिल रहीं।

## नरेंद्र सिंह तोमर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक बने



**भोपाल।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को भाजपा ने मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बनाया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें ये जिम्मेदारी दी है। नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की शनिवार से फिर बैठक होगी। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए फार्मेट पर विचार करेंगे। बैठक में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मौजूद रहेंगे। घोषणा पत्र समिति, चुनाव प्रबंधन समिति, चुनाव अभियान समिति सहित विभिन्न समितियों के गठन पर दिग्गज नेताओं ने विचार कर सभी नेताओं के साथ समन्वय बनाते हुए सूची तैयार की है।


636/720 रतलाम TOPPER

अब डॉक्टर बनना हुआ आसान

अभ्यास कैरियर इंस्टीट्यूट

NEET / 11th & 12th FOUNDATION

अगर आपका सपना है "NEET" तो आपके सपने को मंजिल तक पहुंचाएगा "अभ्यास कैरियर इन्स्टीट्यूट"

कृष्णा कुमावत पिता कैलाश जी कुमावत ग्राम कुचड़ोद, जिला मंदसौर

NEET-2023 में चयनित सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नीट 2023 में अभ्यास कैरियर इंस्टीट्यूट के कृष्णा कुमावत ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

संचालक डॉ. कुमावत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर बाईक गिफ्ट की

नीट 2023 में रतलाम, उज्जैन, मंदसौर व झाबुआ जिले में सर्वाधिक 636 अंक 720 में से अभ्यास कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्र कृष्णा कुमावत ग्राम कुचड़ोद, जिला मंदसौर ने रतलाम शहर व संस्था का नाम रौशन किया। कृष्णा कुमावत के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर कोचिंग संचालक डॉ. राकेश कुमावत व एम.डी. निलिमा कुमावत ने कृष्णा कुमावत को स्पोर्ट्स बाईक गिफ्ट दी।

आरती पारगी (पेटलावद), अनिल माचर (थांदला), रविना कटारा (थांदला), कृतिका कटारा (सैलाना), सरिता खराड़ी (रतलाम), सोनू मुनिया (बामनिया), चेतना डिंडोर (सैलाना), संजय डामोर (बदनावर), राजवीर गरवाल (बदनावर), विनीत परमार (जावरा), निकिता मुनिया (बदनावर), खुश्बू चौहान (खाचरोद), संजय धुर्वे (खाचरोद), हरिबाला सिंगाड़ (झाबुआ), अंतिमबाला सिंगाड़ (झाबुआ), पपीता डामर (झाबुआ), घनश्याम प्रजापत (मंदसौर), जीवा भाभर (रतलाम), अमिषा भगोरा (रतलाम), नेहा जाटव (मेघनगर), दिपिका निनामा (झाबुआ), संदीप राठौड (जावरा), राधा गरवाल (पेटलावद), अनुराधा कावरिया (पिपलौदा), शिल्पा कटारा (रतलाम)

& many more...

NEET-2023 में रतलाम से सर्वाधिक 45 सिलेक्शन 89 विद्यार्थियों में से

ADMISSION OPEN

NEET-2024: Dropper / Target Batch for NEET 2024, Batch Starts 5 July 2023

Foundation Batch: 11th FOUNDATION for 10th Pass Students, Batch Starts 5 July 2023 | 12th FOUNDATION for 11th Pass Students, Batch Starts 5 July 2023

Separate Batches for Hindi & English Medium | FACILITY AVAILABLE SCHOOL + COACHING + HOSTEL

SBI Bank के पास, शास्त्री नगर, रतलाम | Call us : 9799535574, 7568221922



RNTU Rabindranath TAGORE UNIVERSITY™ MADHYA PRADESH, BHOPAL

Only Private University in MP with NIRF Ranking for 5th consecutive year

www.rntu.ac.in

Rank Band 151-200 in University Category in nirf 2023

UNLOCKING POTENTIAL

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

FOSTERING RESEARCH & INNOVATION
शोध शिखर — National Level Inter-University Research, Projects & Innovation Festival
1500 Research Papers & 300 Books Published
20 Centers of Excellence contributing to research

DRIVING INDUSTRY LINKAGES & PLACEMENTS WITH
Rojgar Mantra
600 Companies Visited
250+ Campus Drives

EXCELLENCE IN STARTUPS INCUBATION & SKILL DEVELOPMENT
ATAL INCUBATION CENTER — AIC-RNTU
Incubated 78 startups from across the country
SET UP 5 Industry grade Skill Development Center of Excellence

PROMOTING INDIAN HERITAGE, ARTS, LITERATURE & CULTURE
विश्व रंग
3 Lakh Participants
1000 Artist
50 Counties Celebrated
4 editions of Vishwarang
Yuvaaz — www.aisectyuvaaz.com — On Campus Radio for students

ADMISSIONS OPEN 2023-24

**Engineering & Technology**
BE EC | ME | CIVIL | CS | EEE | AI & ML | M.Tech. ME (Thermal, Production) | EEE (Power System) | EC ( VLSI, Wireless & Mobile Communication ) CE | CSE
Diploma : Electrical | Mechanical | Civil
B.Sc. (CS, IT & Data Science ) M.Sc. ( CS/IT ) | DCA | PGDCA | BCA

**Management**
BBA (Marketing, HR, Finance, Retail, Production & Operation, Management Information System (IT), Agriculture & Rural Marketing) | MBA (Marketing, Finance, HR, IT, Agri Business, Retail, Production, Travel & Tourism)
PG Diploma in Business Management | Diploma in Tourism & Hospitality

**Tagore Institute of Rural Management (TIRMB)**
MBA (Rural Management ), PG Diploma in Urban, Rural, Agri Business
BSW, MSW | Certificate Course in FPO Management, (Farmer Producer Organisation) | Certificate Course on Community Driven Development)

**Humanities & Liberal Arts**
BA (Psychology, Economics, Sociology, History, Hindi, English, Political Science, Sanskrit) | MA (Psychology, Economics, Sociology, History, Hindi, Sanskrit, English, Political Science), MSW | B.Lib. | M.Lib. | MA in Performing Art Natyashastrya) | MA in Sanskrit Literature | Diploma in Natyashastriya evam Viahwarang | Diploma in Sanskrit Sambhashan evam Anupryog
Mass Communication & Journalism
BA | MA (Mass Communication & Journalism)

**DRAMATIC ARTS**
P. G. Diploma & M.A. in Dramatic Arts
Certificate Course in Acting | Screenplay Writing | Makeup Artist

**Law**
B.A.L.L.B. | L.L.B. | L.L.M. (Criminal Law, Business Law, Constitutional Law & Legal Order & Human Rights) | PG Diploma in Labour Law | Cyber Law | Consumer Protection Law

**Commerce**
B.Com. (CA, Taxation, Plain) | M.Com. (Taxation, Management)

**Education**
Department of Education
B.Ed. | B.Ed.(Part Time) | M.Ed | M.A (Education)
Department of Physical Education
B.P.Ed. | B.P.E.S. (Bachelor of Physical Education & Sports) | M.P.E.S. (Masters in Physical Education & Sports) | PGDSM (PG Diploma in Sports Management) PGDSC (PG Diploma in Sports Coaching) | Diploma in Sports Coaching

**Medical Science**
Department of Nursing GNM | B.Sc. Nursing | Post Basic Nursing. | M.Sc. (Nursing) (MSM, Mental Health, Community, OBG, Pediatric)
Department of Paramedical DMLT | BMLT | BPT
MPT (Ortho, Sports, Cardio, Neuro)
Department of Yoga Diploma Yoga | B.Sc (Yoga) M.Sc. (Yoga)
PG Diploma in Yoga
Department of Public Health MPH | MBA (Hospital Administration)

**Agriculture**
B.Sc. (Hons.) (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture) Agronomy, Horticulture (Fruit Science & Vegetable Science), Plant Breeding & Genetics, Agricultural Economics, Agricultural Extension, Entomology, Plant Pathology, Soil Science & Agricultural Chemistry

**Science**
B.Sc. (PCM, Biology, Microbiology, Biotechnology, Forensic Science)
M.Sc. (Physics, Mathematics, Chemistry, Botany, Zoology, Biotechnology, Microbiology) | Diploma in Forensic Science

**B.Voc. | M.Voc.**
Trades (Agriculture, Electronics, Construction, Food Processing, Green Jobs, Life Science, IT/Computer Application, Textiles & Handlooms, Tourism & Hospitality, Automobile, Banking & Finance, Retail, Strategic Manufacturing, Health Care, Telecom, Earthmoving, Plumbing, Mining)

Ph.D. in selected subjects through separate entrance tests

PLACEMENT PARTNERS: Paytm, vedanta, accenture, ICICI Bank, AXIS BANK, WIPRO, Tech Mahindra, adani, BYJU'S, tcs, BAJAJ FINSERV, amazon, Jio, airtel, NIIT, HCL and many more...

ACADEMIC PARTNERS: NSDC National Skill Development Corporation, BOSCH, Red Hat, AISECT LEARN, DAIKIN

शिक्षा मित्र Scholarship — Merit-cum-means scholarship programme offered by the university

+91-9319866685, 9993006401, 8770884536, 8770179841, 6264048758

Rabindranath Tagore University Regional Offices, Bhopal
BHOPAL - Scope College campus, NH-12, Near Misrod, Hoshangabad Road, Bhopal, M.P., 462047 Phone - +91-0755-2432919, M.: +91-9039855200, +91-8770533775,
BHOPAL CITY OFFICE - Hall No. 03 & 15, Sarnath Complex, 1st & 3rd Floor, Opp. Board Office, Link Road-I, Shivaji Nagar, Bhopal–462016, M.P., Phone - +91-0755-4289606, M.: +91-8109347769, SEHORE - Bhopal – Indore By Pass Road, Near Cresent Water Park, Ichhawar Road, Sehore - 466001, M.P., M.:+91-9111999435, +91-8770053630,
ASHOK NAGAR - Near Ahinsa Palace Hotel, Opp. Abhay Sons Sales Petrol Pump, Guna By Pass Road, Ashok Nagar - 473331, M.P. Ph.: +91-7869707145 M +91-8602686758
Rabindranath Tagore University Campus : BHOPAL - Chiklod Road, Near Bangrasia Chouraha, Bhopal, M.P., Ph.: +91-755-2700401, 2700447
Scan for more details

G20 | मध्यप्रदेश शासन | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**चिड़िया अपने बच्चों को घोंसला नहीं, पंख देती है, जिससे वे ऊँचे आसमान में उड़ सकें**

**'योजना के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण देने वाले प्रतिष्ठानों का पंजीयन 07 जून 2023 से और काम सीखने के इच्छुक युवाओं का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है।'**

योजना के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण देने वाले प्रतिष्ठानों का पंजीयन 07 जून 2023 से और काम सीखने के इच्छुक युवाओं का पंजीयन शीघ्र प्रारंभ हुआ। 15 जुलाई 2023 से युवाओं का आवेदन आरंभ होगा तथा 31 जुलाई 2023 से युवा, प्रतिष्ठान एवं मध्य प्रदेश के मध्य अनुबंध हस्ताक्षर (ऑनलाइन) की कार्यवाही होगी तथा 01 अगस्त 2023 से विभिन्न प्रतिष्ठानों में युवाओं का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। 1 माह प्रशिक्षण के उपरांत अर्थात् 1 सितंबर 2023 से युवाओं को राशि (स्टाइपेण्ड) का वितरण राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त समस्त कार्यवाही योजना के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। यह तिकारी योजना युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाएगी।

औपचारिक शिक्षा के उपरातं बहुधा युवा औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में रोजगार प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कुशल नहीं होते। माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशानुरुप राज्य शासन द्वारा औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में On-the-Job-Training (OJT) की सुविधा देने हेतु 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' लागू की गई है, जिससे औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान युवाओं को प्रशिक्षित करने तथा युवा ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित हों।

योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को लाभ मिलेगा, आवश्यकतानुसार लक्ष्य बढ़ाया जा सकता हैं। प्रत्येक युवा को राज्य शासन द्वारा 1 लाख तक का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

## युवाओं की पात्रता

- योजना के तहत ऐसे युवा पात्र होंगे, जिनकी आयु 18 से 29 वर्ष तक हो।
- जो मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी हों।
- जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं/आईटीआई उत्तीर्ण या उससे उच्च हो।
- योजना के तहत चयनित युवा को ÷छात्र-प्रशिक्षणार्थी÷ कहा जाएगा।


## युवाओं को लाभ

- उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण।
- नवीनतम तकनीक और नवीनतम प्रकिया के माध्यम से प्रशिक्षण।
- व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेण्ड।
- मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (MPSSDEGB) mæÚUæ State Council for Vocational Training (SCVT) का प्रमाणन।
- नियमित रोज़गार प्राप्त करने की योग्यता अर्जित करना।

## युवाओं को स्टाइपेण्ड

मध्यप्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण के साथ साथ प्रतिमाह स्टाइपेण्ड प्राप्त होगा।
12वीं उत्तीर्ण को रु. 8000, आईटीआई उत्तीर्ण को रु. 8500, डिप्लोमा उत्तीर्ण को रु. 9000 एवं स्नातक उत्तीर्ण या उच्च शैक्षणिक योग्यता को रु. 10000 स्टाइपेण्ड प्राप्त होगा।
स्टाइपेण्ड, कोर्स के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के आधार पर निर्धारित किया गया है।





शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-19231/23

**मध्यप्रदेश शासन**

दैनिक सांध्य प्रकाश

दैनिक सांध्य प्रकाश के
52 वर्ष पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं



मुनव्वर कौसर
प्रदेश महासचिव
मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

विष्णु दत्त शर्मा
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मप्र

दैनिक सांध्य प्रकाश

दैनिक सांध्य प्रकाश के
52 वर्ष पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं


सुदेश राय
विधायक सीहोर, मप्र

दैनिक सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
के 52 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत-बहुत बधाई



रविन्द्र राय
आबकारी ठेकेदार,
झांसी

दैनिक सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
के 52 वर्ष
पूर्ण होने पर
बहुत-बहुत
बधाई



शैलेन्द्र डागा
पूर्व महापौर
रतलाम

दैनिक सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
के 52 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत-बहुत बधाई

सावन सोमवार को 12 बसों से 1 हजार श्रद्धालुओं को करायेंगे उज्जैन महाकालेश्वर की यात्रा

सावन एवं अधिक मास में रतलाम जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश प्रभु राठौड़ परिवार द्वारा शहर में पहली बार उज्जैन महाकालेश्वर यात्रा शहरवासियों को निशुल्क कराई जा रही है। श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन के साथ ही शाही सवारी के दर्शन कराएं जाएंगे। श्री राठौड़ ने बताया कि उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए यह यात्राएं 10 जुलाई, 17 जुलाई, 24 जुलाई, 31 जुलाई, 7 अगस्त, 14 अगस्त, 21 अगस्त एवं 28 अगस्त 2023 को निकाली जाएगी। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार, फलाहार व सात्विक भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी।

प्रकाश प्रभु राठौड़
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव, रतलाम

शोक-पत्र



20/01/1954 - 02/07/2023

ॐ भूर्भुवः स्वः तत् सवितुर्वरेण्यं ।
भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॥

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी
श्री उपेन्द्र सिंह चौहान जी (तहसीलदार से.नि.)
का स्वर्गवास दिनांक-02-07-2023 दिन-रविवार को हो गया है।
अतः पुण्यात्मा की शान्ति हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है।

दशगात्र : 12 जुलाई 2023, बुधवार
एकादशा: 13 जुलाई 2023, गुरूवार
त्रयोदशा: 15 जुलाई 2023, शनिवार
ब्राह्मण भोज एवं सहभोज
(दोपहर 12 बजे से आप के आगमन तक)

कार्यक्रम स्थल : गृहग्राम - बहेरा डाबर, तह. मऊगंज, जिला रीवा

शोकाकुल परिवार-
श्री नरेन्द्र सिंह, श्री सतेन्द्र सिंह, श्री वृजेन्द्र सिंह (भाई)
डॉ. अरुण सिंह चौहान, डॉ. तरुण सिंह चौहान (पुत्र)
विकास सिंह, सनिल सिंह, ऋषभ सिंह, विनय सिंह (भतीजे)
हर्षवर्धन सिंह (पौत्र)
एवं समस्त चौहान परिवार

प्रेषक :-
डॉ. अरुण सिंह चौहान, डॉ. तरुण सिंह चौहान
पता : 5 फेस 3 डीके कॉटेज भोपाल,
295 दुर्गा पार्क नेहरू नगर, रीवा
मो.- 8889005000, 9752740700

30 YEARS
LNCT UNIVERSITY BHOPAL
SCAN TO KNOW MORE



DON'T CHOOSE WHAT YOU WANT TO DO.
CHOOSE WHO YOU WANT TO BE.

FOR ADMISSION GUIDANCE 2023-24*

Choose from 100+ Globally Recognised Programmes

Courses Offered
- ENGINEERING
  B.Tech. | M.Tech. | Diploma | PG Diploma
- AYURVEDA
- AGRICULTURE
- JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION
- HOTEL MANAGEMENT
- PARAMEDICAL SCIENCE
- NURSING
- PHARMACY
- PHYSICAL EDUCATION
- LAW
- MANAGEMENT & COMMERCE
- COMPUTER APPLICATION
- HOSPITAL MANAGEMENT
- RESEARCH
- MEDICAL SCIENCE

SUPER DREAM OFFERS
Batch - 2023
amazon eu 1.12 CRORE /Annum
Deloitte. US 72 LPA

580+ DREAM OFFERS
Batch - 2023
17.6 LPA Cisco Networking Academy
19.6 LPA Deutsche Bank
19 LPA zscaler

CORE COMPANY
JSW adani ASHOK LEYLAND Triveni
LUMEL VE COMMERCIAL VEHICLES TATA TECHNOLOGIES

+91-744 077 7222
+91-744 077 7111, +91-744 07 77555
www.LNCTU.ac.in
LNCTU Campus- J.K. Town, Sarvadharam, Kolar Road, Bhopal

स म्पा द की य

# चंद्रयान.. भारत की ऊंची उड़ान



इसरो के हिस्से में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज होने जा रही है। इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया।

यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरुआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा।

सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा।

इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किए जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनाई है जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा। स्पष्ट है यह नया क्षेत्र भारत के सामने खुल रहा है और उसे इसमें बहुत आगे जाना है। इसरो को लेकर हम बहुत आश्वस्त हैं। हमें हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों पर गर्व है।

# कानून और न्यायः सामाजिक ढांचे के लिए समान नागरिक संहिता क्या जरुरी!

**सुरेश तिवारी**

आजकल पूरे देश में एक बात पर चर्चा हो रही है जो कि समान नागरिक संहिता लागू करने के बारे में है। इसे लागू करना एक विवादास्पद प्रश्न है। भारत के विधि आयोग द्वारा अपने नागरिकों से सुझाव भी आमंत्रित किये गए हैं जो कि 14 जून के पत्र के माध्यम से 30 दिनों के भीतर दिया जाना है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने भोपाल में दिए गए अपने भाषण में इसका उल्लेख कर इसे चर्चा में ला दिया है। समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रश्न पर जाने से पहले, हमें इसकी पृष्ठभूमि, अर्थ और उद्देश्य को समझना चाहिए। भारत के संविधान का अनुच्छेद 44, जो नीति निदेशक सिद्धांतों का एक हिस्सा है। यह राज्य एवं भारत सरकार को समस्त राज्य क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करने तथा नागरिकों को सुरक्षित करने के लिए पूर्ण प्रयास करने का निर्देश देते हैं।

भारत में समान नागरिक संहिता के प्रावधान के पीछे उद्देश्य है नागरिकों के बीच व्यक्तिगत कानूनों के अनुप्रयोग में एकरूपता लाना जिससे कि देश में एक समान नागरिक कानून लागू किया जा सके। वर्तमान में नागरिकों के विभिन्न समूहों पर उनके धर्म के अनुसार अलग-अलग कानून लागू होते हैं जैसे हिंदू विवाह अधिनियम, ईसाई विवाह अधिनियम, मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) अधिनियम 1937, विशेष विवाह अधिनियम आदि यहां तक कि हिंदुओं में इसे भी दो शाखाओं में विभाजित किया गया है जो दयाभाग और मिताक्षरा विद्यालय हैं।

समान नागरिक संहिता की उत्पत्ति औपनिवेशिक भारत में हुई जब ब्रिटिश सरकार ने 1835 में अपनी एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। भारत के संविधान में एक और प्रावधान है। वह है अनुच्छेद 25, जो किसी भी धर्म को मानने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। यह प्रतीत होता है कि इन दोनों प्रावधानों के बीच कुछ विरोधाभास है। राजनीतिक दलों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि समान नागरिक संहिता एक धर्म को वंचित कर देगी। अपने धर्म को मानने या अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को अपने धर्म को मानने के अधिकारों का उल्लंघन करना होगा। हालांकि यह सही तस्वीर नहीं है। धर्म और कानून पूर्णतः दो अलग-अलग चीजें हैं जिनका विभिन्न दृष्टिकोण है।

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार धर्म जीवन जीने का एक तरीका है। भारत दुनिया का एकमात्र देश नहीं है जहां लोग अलग-अलग दावे करते हैं या जहां अलग-अलग धर्म के लोग निवास कर रहे हैं। आजकल अलग-अलग धर्मों को मानने वाले लोग पूरी दुनिया में रह रहे हैं फिर भी उन पर एक समान कानून लागू होता है। पाकिस्तान में भी वहां के सभी नागरिकों पर एक ही कानून लागू होता है। शायद भारत ही एक ऐसा देश है जहां अलग-अलग धर्म को मानने वाले व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून लागू होते हैं। इसके अलावा संविधान का अनुच्छेद 25 उप खंड 2 सरकार को यह अधिकार प्रदान करता है कि वह इस प्रकार के कानून बना सके।

आजकल अखबारों में खबरें छपती रहती हैं कि कुछ उत्तराखंड, मध्य प्रदेश जैसे राज्य समितियों का गठन कर रही हैं। समान नागरिक संहिता बनाने के लिए निसंदेह, शादियों, उत्तराधिकार, पर बन रहे कानून आदि भारतीय संविधान की अनुसूची सातवीं की समवर्ती सूची के विषय है। लेकिन यदि अगर अलग-अलग राज्यों को अलग-अलग कानून बनाने की इजाजत दी गई तो राज्यों के विषय पर कानून बनाने से समान नागरिक व्यवस्था बनाने का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। राज्य कानूनों में एकरूपता नहीं होगी। अनुच्छेद 44 स्वयं पूरे भारत में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात करता है। अतः भारत संघ द्वारा समान नागरिक संहिता बनाना आवश्यक है।




भारत में समान नागरिक संहिता उत्तराधिकार के क्षेत्र में लागू होगा। मृत्यु के बाद संपत्ति का हस्तांतरण, विवाह, तलाक, गोद लेना और नाबालिगों की संरक्षता जैसे कानूनों पर भी यह प्रावधानों लागू होगा। इनमें से कोई भी मामले पूजा के अधिकार, या किसी भी धर्म को मानने के अधिकार को प्रभावित नहीं करते हैं। इसके अतिरिक्त, भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के खंड 2 के अनुसार, ऐसे कानूनों के निर्माण से भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं होता है। इसके अलावा यदि मृत व्यक्ति चाहे तो अपनी संपत्ति की वसीयत किसी भी व्यक्ति के पक्ष में कर सकता है।

एक विषय है विवाह। यह एक चिंता का विषय है। इसे समाज के विभिन्न समूहों में प्रचलित रीति रिवाज के अनुसार उन्हें संपन्न किया जाता है। यह अभ्यास जारी रखकर किया जा सकता है। लेकिन सभी विवाह का पंजीकरण अनिवार्य किया जाना चाहिए। मुस्लिम कानून के तहत सभी पुरुष सदस्यों को तीन शादियां करने की इजाजत है। मुस्लिमों द्वारा मुस्लिम कानून का स्त्रोत कुरान को माना जाता है। इसे पैगम्बर द्वारा लगभग 1500 वर्ष पूर्व बनाया गया था।

उस समय यह प्रावधान प्रगतिशील कदम था। उस समय अन्य धर्मों में शादियां करने की कोई सीमा नहीं थी। पैगम्बर ने शादियां करने पर सीमा लगाना उचित समझा। यह कानून यह नहीं कहता कि सिर्फ एक ही शादी करना जायज नहीं। लेकिन कहा गया है कि किसी को भी चार से अधिक शादियां नहीं करनी चाहिए। आजकल शिक्षित परिवारों में ऐसे बहुत ही कम व्यक्ति होते हैं जो एक से अधिक शादियां करते हैं। इसलिए विवाह की संख्या को केवल एक तक सीमित रखने में उनके धर्म व अधिकार का उल्लंघन नहीं होगा।

सामान्य नागरिक संहिता के माध्यम से तलाक को हर धर्म में स्वीकार्य बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा क्रूरता, परित्याग, नपुंसकता, मानसिक स्वास्थ्य आदि जैसे आधारों पर उस उद्देश्य के लिए गठित न्यायालयों का हस्तक्षेप, अनिवार्य कर देना चाहिए। किसी भी धर्म में विवाह हेतु कम से कम 21 वर्ष की आयु होना अनिवार्य होगा तथा इससे नीचे किया कोई भी विवाह बाल विवाह की श्रेणी में होगा जो मान्य नहीं होगा। मुस्लिम कानून के अनुसार मेहर विवाह के समय तय किया जाता है, जो पति द्वारा पत्नी को तलाक के समय देय होता है। उस समय यह भी प्रगतिशील था। लेकिन, अब खामियों के कारण समय और बढ़ती महँगाई के कारण यह प्रावधान अपर्याप्त हो गया है। शाह बानो प्रकरण उसी का एक उदाहरण है। इसलिए, एक ऐसा प्रावधान होना चाहिए जो पार्टियों के आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन निर्वाह के लिए उपयोगी हो। प्रावधान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर पक्ष को सहायता प्रदान करना है किन्तु यह प्रावधान उन जीवन साथियों पर लागू नहीं होगा जहां जो स्वयं अपना भरण पोषण करने के लिए पूर्ण रूप से समर्थ होने के बावजूद वह नहीं करते। एक प्रावधान यह भी होना चाहिए जिसमें बदली हुई परिस्थितियों में न्यायालय द्वारा दी गई राशि में संशोधन किया जा सके।

गोद लेने के संबंध में जो प्रक्रिया है वह रीति-रिवाज के अनुसार हो सकती है। लेकिन गोद लेने का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। गोद देने की शक्ति केवल शिशु के प्राकृतिक संरक्षक अर्थात पिता और माता को ही होगी। उनकी अनुपस्थिति में प्राकृतिक संरक्षक का, न्यायालय द्वारा नियुक्त संरक्षक के माध्यम से की जावेगी। न्यायालय अनुमति देते समय गोद लेने वाले अभिभावक से बच्चे के बालिग होने तक बच्चे का कल्याण एवं उचित देखभाल की गारंटी मांग सकता है। इसके अलावा, उक्त समान नागरिक संहिता में यह भी प्रावधान शामिल किया जाना चाहिए जिसमें सहदायिक संपत्ति की कुख्यात अवधारणा को समाप्त किया जा सके। हालांकि इसके पीछे का विचार व अवधारणा परिवार के कानूनी उत्तराधिकारियों को समान अधिकार देने की थी। लेकिन पिछले कई दशकों से न्यायपालिका के इन यंत्रों का प्रयोग कर इसका घोर दुरुपयोग किया जा रहा है। लेकिन कुल मिलाकर यह कानून उन कानूनों को सरल बनाने का काम करेगा जो वर्तमान में धार्मिक मान्यताओं जैसे हिन्दू कोड बिल, शरीयत कानून और अन्य धर्म के आधार पर अलग-अलग है।

# आरबीआईः अमीरों पर रहम और ग़रीबों पर सितम

**-राकेश दुबे**

मेरे एक रिटायर्ड बैंकर मित्र को भी कल यकायक देश की बैंकिंग प्रणाली पर गुस्सा आया। उन्होंने रोष में कहा कि देश भर में बैंकों की छोटी-मोटी बकाया राशि नहीं चुकाने की वजह से बड़ी संख्या में किसानों को जेल में डाल दिया जाता है। अगर किसान को जेल नहीं भेजा जा सका तो बैंक पहले तो किसानों की ट्रैक्टर जैसी चल संपत्ति जब्त कर लेते हैं और उसके बाद भी बकाया नहीं मिला तो खेत जब्त कर लेते हैं। इसके विपरीत भारतीय रिजर्व बैंक ने अमीर, बदमाश, धोखेबाजों और जानबूझकर लोन न चुकाने वालों के लिए 'रक्षा कवच' की सुविधा उपलब्ध कराने का फैसला किया है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ताख पर रखते हुए, इसने राष्ट्रीयकृत बैंकों को जानबूझकर चूक करने वालों के तौर पर पहचाने गए खातों के लिए समझौता निपटान या फिर लोन राशि को बट्टे खाते में डालने की इजाजत दे दी है। इससे 12 महीने की कूलिंग अवधि के बाद, ये डिफॉल्टर जिनके पास भुगतान करने की क्षमता है लेकिन वे ऐसा नहीं करते हैं, नए लोन तक ले सकते हैं ।उनका ही नहीं सभी कोईस विषय पर रोष व्यक्त करना चाहिए।

जैसा कि आरबीआई कहता है यह वैध समाधान तंत्र है,, तो सबसे पहला प्रश्न यही उठता है कि यही फॉर्मूला किसानों, एमएसएमई क्षेत्र और मध्यम वर्ग पर क्यों लागू नहीं किया है घर या कार लोन लेने के लिए नियमों का पालन करते हुए कर चुका कर अपनी गाढ़ी कमाई के पैसे लगाते हैं ,उनके लिए क्या है ? बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और माइक्रो-फाइनेंस संस्थानों के किराये के गुंडे आए दिन डिफॉल्टरों की चल संपत्ति को जब्त करने के लिए जोर-जबरदस्ती की रणनीति क्यों अपनाते हैं ?

इसके बाद भी कोई शर्मिंदा नहीं है जैसे एनबीएफसी प्रमुख ने झारखंड में कर्ज न चुकाने वाले एक किसान की गर्भवती बेटी की मौत के लिए माफी मांगी । उसे तब कुचल दिया गया था जब रिकवरी एजेंट ट्रैक्टर के साथ भागने की कोशिश कर रहे थे जिसके लिए किसान ने लोन ले रखा था। लेकिन आरबीआई की नजरें इस तरफ नहीं हुई ।




आश्चर्य है आरबीआई ने बैंकों को जान-बूझकर कर्ज न चुकाने वालों के साथ समझौता करने की इजाजत देने वाला पत्र भला कैसे जारी कर दिया? जिन लोगों को तो कायदे से अब तक जेल में होना चाहिए था। उनके पक्ष में आरबीआई के इस पत्र पर हंगामा मचा तो मामले को ठंडा करने के लिए जो 'नरम' स्पष्टीकरण दिए गए, उससे और भी सवाल खड़े हो गए। इससे केवल यही बात स्पष्ट होती है कि आरबीआई की सारी उदारता अमीर डिफॉल्टरों के लिए है। जो बैंकिंग नियामक के नियम-कायदों की परवाह नहीं करते।

जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों की संख्या लगातार बढ़ ही रही है। पिछले दो वर्षों में इनकी संख्या में 41 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। इनकी संख्या बढ़कर 16,044 हो गई है और इन पर बैंकों का कुल मिलाकर 3.46 लाख करोड़ रुपये बकाया है। इसके अलावा, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि पिछले सात वर्षों में बैंक धोखाधड़ी और घोटालों में हर दिन 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जो भी हो, कई जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों जिनमें विजय माल्या, मेहुल चोकसी और ललित मोदी जैसे लोग शामिल हैं, जो देश छोड़कर भाग गए हैं, उन्हें भी अब आरबीआई के इस रुख से राहत मिलेगी कि बैंक उनके साथ समझौता कर सकेंगे। इनमें से कई को बकाए की बड़ी राशि के बट्टे-खाते में जाने का फायदा होगा और उसके बाद भी वे आगे फिर से लोन लेने के पात्र होंगे।

दूसरा बड़ा प्रश्न यह है कि आरबीआई ने छोटी राशि के बकाएदारों जिनमें किसान भी शामिल हैं, के प्रति कभी इतनी उदारता क्यों नहीं दिखाई? छोटे किसानों को जेल की सजा क्यों भुगतनी पड़ती है जबकि व्यापार में अमीर बदमाशों को नियमित रूप से जमानत मिल जाती है और उनके लिए लोन की राशि में भी भारी कटौती कर दी जाती है और इसलिए उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं होता है। वे शानदार जीवनशैली जारी रखते हैं। आरबीआई के ताज़ा सर्कुलर से उन्हें बड़ी राहत मिली है और अब इस धंधे से जुड़े धोखेबाजों को अभय दान मिल गया है।

बैंक और बैंकिंग प्रणाली को धोखा देने वाले उधारकर्ताओं के साथ इस तरह का व्यवहार जारी रहता हैं, तो यह उस गेम प्लान हिस्सा है जो अमीरों को धन इकट्ठा करने में मदद करता है। इसलिए नहीं कि वे प्रतिभाशाली हैं बल्कि इसलिए कि बैंक जनता के पैसे से उन्हें उबारते रहते हैं। पहले से ही, बैंकों ने पिछले 10 वर्षों में 13 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को बट्टे खाते में डाल दिया है और अब यह जान-बूझकर कर्ज न चुकाने वालों के लिए समझौता फार्मूला तैयार करने का दिया गया विवेक उनके लिए स्वर्णिम अवसर है।

अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ आरबीआई की इस नीति के आलोचक रहे हैं, दिलचस्प बात यह है कि जब भी कॉरपोरेट्स को लाभ पहुंचाने का कोई मुद्दा सामने आता है, तो कॉरपोरेट अर्थशास्त्रियों की एक टीम अचानक सामने आकर उसका बचाव करने की कोशिशों में जुट जाती है, भले ही वह निर्णय कितना भी गलत क्यों न हो।

जब ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने विकराल होती असमानताओं को कम करने के लिए संपत्ति कर लगाने के लिए कहा। भारत में कुछ अर्थशास्त्रियों ने तब कहा था कि अमीरों के एक छोटे वर्ग के ऊपर संपत्ति कर बढ़ाना सही नहीं होगा। ऋण की वसूली करते समय बैंक को इस बात में कोई अंतर नहीं करना चाहिए कि डिफॉल्ट जानबूझकर किया गया, या अनजाने में या फिर किसी भी और इरादे से।

यदि ऐसा है, मध्यम वर्ग के निवेशकों और किसानों के लिए इस अपवाद की अनुमति क्यों नहीं है? यदि किसानों और मध्यम वर्ग के डिफॉल्टरों को समान विशेषाधिकार मिलते हैं तो आप उन्हीं अर्थशास्त्रियों को इस नीति पर सवाल उठाते हुए देखेंगे। इस 'दोहरे मानक' को रोकने के लिए एक ठोस प्रयास करना होगा ।जो हर स्थिति में अमीरों का पक्ष लेता है।

---------

# फ्रांस-भारत की दोस्ती से दुनिया की बेहतरी

**- ललित गर्ग-**

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राएं नये भारत-सशक्त भारत की इबारत लिखने के अमिट आलेख हैं। उनके नेतृत्व में उभरता नया भारत विकसित एवं विकासशील देशों के बीच सेतु बन रहा है। हाल ही में अमेरीका एवं मिस्र की ऐतिहासिक एवं सफल यात्राओं के बाद मोदी फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस वर्ष भारत और फ्रांस के बीच राजनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और मोदी का यह फ्रांस दौरा काफी अहम है। पिछले 25 वर्षों में दोनों देशों के बीच कई द्विपक्षीय समझौते हुए हैं लेकिन इस बार होने वाले समझौतों से दोस्ती का नया दौर शुरू होगा। भारत की विदेशों में बढ़ती साख को इस यात्रा से एक नई ऊंचाई मिलेगी। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। मोदी बैस्टिल दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिजेट मैक्रों और अन्य अतिथिगण भी थे। इस परेड के लिए भारतीय नौसेना के जवान भी पहुंचे हैं। फ्रांस की इस यात्रा के दौरान होने वाले विभिन्न समझौते भारत की रक्षा, प्रौद्योगिकी, तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में फ्रांस के साथ द्विपक्षीय सहयोग से नई उम्मीदें जागेगी। इस यात्रा के दौरान किये गये प्रधानमंत्री के प्रयास मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे।

फ्रांस एक ऐसा देश है जो हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। भारतीय सेना को मजबूत करने की बात हो या फिर परमाणु परीक्षण का दौर, वह भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा दिखाई देता रहा है। वर्ष 1998 में जब भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण से पूरी दुनिया को चौंका दिया था और उस समय डरी एवं सहमी शक्तियों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिए थे तब फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति जैक शिराक ने भारत का साथ दिया और कहा था कि हमें एशिया की उभरती हुई महाशक्ति को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। आज भी एक मित्र की भांति फ्रांस भारत के साथ खड़ा है। फ्रांस के द्वारा भारत को इतना सम्मान एवं महत्व देने के पीछे कई कारण हैं। इनमें भारत की बड़ी होती अर्थव्यवस्था और बड़ा बाजार प्रमुख है। भारत की शांति एवं सद्भाव की नीति है। दुनिया की महाशक्तियों से संतुलन बनाने में भारत उसका मुख्य आधार है। भले ही भारत फ्रांस से सैन्य सामग्री खरीदने वाला प्रमुख देश है। इनदिनों रूस और चीन काफी नजदीक आये हैं। रूस के नए विकल्प के तौर पर फ्रांस से बेहतर कोई और देश नहीं हो सकता है जो रक्षा सहयोग तो करता ही है साथ ही तकनीक में भी सहयोग कर रहा है। भारत के लिये रूस की जो जगह है, वह स्थान फ्रांस को देने के लिये भारत को सोचना चाहिए, भारत ऐसा ही सोचेगा यह फ्रांस को अहसास है। यह अहसास भी दोनों देशों की मित्रता को प्रगाढ़ करने का बड़ा आधार है। यही कारण है कि फ्रांस और भारत के संबंधों को कई पहलुओं और कई नजरियों से आंका जा रहा है, उसका विश्लेषण किया जा रहा है। इतिहास में देखें तो दोनों देशों का आपस में जो तालमेल है, वो दो सभ्यताओं का हो सकता है, दो विचारधाराओं एवं संस्कृतियों का हो सकता है।

भारत भी ऐसे देश से दोस्ती बढ़ाना चाहेगा, जो उसके विकास एवं मजबूती का आधार हो। फ्रांस भारत की शांति का पक्षधर रहा है, इसलिये विश्वस्तर पर भारत में पडोसी देश द्वारा पल्लवित आतंकवादी घटनाओं का विरोध करता रहा है। अब तो यह भी लगने लगा है कि फ्रांस ने पश्चिमी दुनिया में भारत के विश्वस्त दोस्त और सहयोगी साझेदार के रूप में रूस की जगह ले ली है। भारत ने फ्रांस का तब से विशेष सम्मान करना शुरू कर दिया है, जब फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र में चीन द्वारा कश्मीर पर बुलाई गई बैठक में भारत के रूख का समर्थन किया था। फ्रांसीसियों ने पहले भी वैश्विक आतंकवादी मसूद अजहर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन किया था। पुलवामा हमले के बाद भारत ने कूटनीति के मोर्चे पर पाकिस्तान एवं चीन को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया था। इसी के कारण पुलवामा हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने प्रस्ताव पेश किया था।

फ्रांस न केवल भारत में आतंकवाद को समाप्त करने में सहयोगी बन रहा है, बल्कि भारत को एक शक्तिसम्पन्न देश बनाने में भी हरसंभव सहयोग कर रहा है। फ्रांस से हमारी सैन्य शक्ति मजबूत हुई है, वहां से हमें लड़ाकू विमान से लेकर पनडुब्बी तक मिल रही है। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देश महत्वपूर्ण रक्षा और व्यापारिक समझौते पर मुहर लगायेंगे। भारतीय नौ सेना के लिए फ्रांस के साथ 26 राफेल एम मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है। दुनिया की एक बड़ी ताकत बनते भारत को फ्रांस की मित्रता से अनेक लाभ हैं। भले ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में पिछले कुछ सालों में भारत ने दूरगामी प्रभाव वाले कदम उठाए हैं, जिसकी बदौलत हमारे रक्षा आयात में कुछ कमी जरूर आई है। इसके बावजूद भी ये सच्चाई है कि रक्षा जरूरतों को पूरा करने में बाहरी मुल्कों और विशेषतः फ्रांस पर निर्भरता को पूरी तरह से खत्म करने में भारत को अभी लंबा सफर तय करना पड़ेगा। यह बात फ्रांस भलीभांति जानता है। इसीलिये भारत के इस रक्षा बाजार पर अमेरिका के साथ ही फ्रांस की भी नजर है।

प्रधानमंत्री मोदी की यह फ्रांस यात्रा दुनिया की गैर-जिम्मेदार बढ़ी शक्तियों की दादागिरी को समाप्त करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगी। भारत दुनिया में ऐसे राष्ट्रों को संगठित करना चाहता है जो युद्ध विरोधी हो। इसी उद्देश्य से भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 8 जून को ओमान की खाड़ी में अपना पहला त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसमें आईएनएस तरकश, फ्रांसीसी जहाज सुरकौफ, फ्रेंच राफेल विमान और यूएई नौसेना समुद्री गश्ती विमान की भागीदारी थी। इस अभ्यास में सतही युद्ध जैसे नौसेना संचालन का एक व्यापक स्पेक्ट्रम देखा गया था, जिसमें सतह के लक्ष्यों पर मिसाइल से सामरिक गोलीबारी और अभ्यास, हेलीकोप्टर क्रॉस डेक लैंडिंग संचालन, उन्नत वायु रक्षा अभ्यास और बोर्डिंग संचालन शामिल थे। युद्ध चाहने वाले देशों के लिये अपनी सोच बदलने को विवश करना ऐसे संगठनों एवं सांझें प्रयत्नों से ही संभव होगा। मोदी की यात्रा से ठीक पहले इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य तीनों नौसेनाओं के बीच त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और समुद्री वातावरण में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों को दूर करने के उपायों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करना था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस दौरे पर दुनिया की नजरें लगी हुई हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रभावशाली सदस्य है और उसने अमेरिका की तरह भारत से कभी भी विशुद्ध सौदेबाजी नहीं की। चीन की बढ़ती आक्रामकता एवं विस्तारवादी सोच को रोकने के लिए अमेरीका एवं फ्रांस दोनों देश भारत के बहुत करीब आए है। दोनों देशों के भारत प्रशांत क्षेत्र में साझा हित और सौर ऊर्जा तकनीक के प्रसार की संभावनाएं है। युद्ध, हिंसा, साम्प्रदायिक उन्माद एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले चीन एवं पाकिस्तान को सबक सिखाना दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत हो गयी। ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया है क्योंकि पाकिस्तान जहां आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। मानकर चलिए कि मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के बीच होने वाली वार्ताओं से व्यापार और अर्थशास्त्र से लेकर ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी, रक्षा और सुरक्षा सहयोग और भारत-प्रशांत में सहयोग जैसे मुद्दों पर ऐसा सकारात्मक वातावरण बनेगा, जिससे समूची दुनिया शांति, सहयोग, सह-जीवन एवं आतंकवाद मुक्ति का अहसास कर सकेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

विमोचन....




केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण एवं जल संसाधन राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज हितवाद के संपादक स्व. अविनाश भार्गव के लेखों के संकलन पर आधारित पुस्तक बाय द वे का विमोचन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, गिरिजा शंकर, ललित शास्त्री, आयोजक डा. मेघा विजयवर्गीय एवं मयंक विश्नोई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कारोबारियों को खाद्य लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अंतर्गत समस्त प्रकार के छोटे-बड़े खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य लाइसेंस एवम रजिस्ट्रेशन लेना कानूनन अनिवार्य है। बिना लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह की सजा एवं अधिकतम 2 लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये से अधिक का खाद्य कारोबार करते हैं उन्हें लायसेंस लेना है जिसके लिये 2 हजार रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज नक्शा, आधार कार्ड की फोटोकापी, दुकान के पते का दस्तावेज, बिजली बिल साथ में लाना होगा। ऐसे खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये तक का खाद्य कारोबार करते हैं। उन्हें रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) लेना अनिवार्य है। जिसके लिये 100 रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मीट मटन विक्रय के लिए नगर पालिका, ग्राम पंचायत की एनओसी लाना होगा।

### 105 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू खंडों को ऑनलाइन डीम्ड भवन अनुज्ञा

**भोपाल ।** राज्य स्तर पर भवन अनुज्ञा प्रक्रिया के लिये लागू ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम में भवन अनुज्ञा प्रक्रिया का सरलीकरण करने के उद्देश्य से नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित अभिन्यासों तथा ऐसे अभिन्यास, जिनमें संबंधित निकायों से विकास अनुमति प्राप्त कर ली गई है, में 105 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खण्डों पर डीम्ड/तुरंत स्वीकृति की ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की गई है। यह प्रक्रिया अक्टूबर-2022 से लागू है। इसमें आवेदक स्वयं अपने स्तर से ऑनलाइन माध्यम से 105 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खण्डों पर डीम्ड/तुरंत स्वीकृति प्राप्त करने के लिये आवेदन कर, भवन नक्शे का ऑनलाइन अनुमोदन प्राप्त कर एवं शुल्क जमा करने के बाद डीम्ड/तुरंत स्वीकृति प्राप्त कर सकता है।

ग्राम बरौदारहली शक्ति केन्द्र की बैठक में शामिल हुये राजस्व एवं परिवहन मंत्री

# निरंतर विकास और गरीब कल्याण हमारी पहचान: गोविंद सिंह राजपूत

**सागर।** ग्राम बरौदारहली शक्ति केन्द्र की बैठक में शामिल हुये राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जहां सभी कार्यकर्ताओं का राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने भाजपा का गमझा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि निरंतर विकास और गरीब कल्याण हमारी पहचान हैए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 09 वर्षों में देश ने ऐतिहासिक फैसले लिये तथा विकास के मामले में नई ऊंचाईयों को छुआ है हर वर्ग के लिये प्रधानमंत्री ने योजनायें बनाई जिससे हर व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री की विकास यात्रा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कदम से कदम मिलाकर चल रहे है।




जिन्होंने मध्यप्रदेश की जनता के लिये माताओं बहनों, छात्र छात्राओं के लिये ऐसी योजनायें बनाई जिससे हर वर्ग जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर लाभांवित हो रहा है। राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा में चारों ओर विकास कार्य चल रहे हैं हर गांव गली चौराहे में हो रहे निर्माण कार्य सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास की कहानी बता रहे हैं। एक समय था सुरखी विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में जाने के लिये लोग ट्रेक्टर से पहुंच पाते थे लेकिन अब हर गांव में सड़कों का निर्माण हो चुका है जिससे यातायात सुगम हुआ है साथ ही हर गांव में स्कूलें, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध है।

**2 करोड़ की रोड का किया भूमिपूजन:** राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम घाटमपुर से ग्राम अर्जना तक 2 करोड़ की लागत से बनने बाली रोड का भूमिपूजन करते हुये क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। राजपूत ने कहा कि ग्रामवासियों की मांग थी कि गांव में रोड ना होने के कारण क्षेत्रवासी परेशान हैं, क्षेत्रवासियों की मांग पर रोड का भूमिपूजन हो चुका है जल्द ही रोड बनकर तैयार हो जायेगी। इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र पाठक, रामेश्वर नामदेव, भरत सिंह, देव सिंह, बुंदेल सिंह, रामनरेश, विजय प्रजापति, अशोक सेन, मनीष सोनी, प्रकाश धानक, आकाश दुबे, लवकुश दुबे, गजराज गौंड़, राजेन्द्र सिंह, अमोल सिंह, पवन दुबे सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### भोलेनाथ का अभिषेक कर की आरती

**भोपाल। शिवरात्रि प्रदोष व्रत पर न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भक्तों द्वारा अभिषेक कर आरती की गई।**



### वृक्षारोपण अभियान

**टेकनपुर/ग्वालियर ।** बीएसएफ अकादमी टेकनपुर, लायंस क्लब, ग्वालियर और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने 14 जुलाई, 2023 को पुलिस चौकी टेकनपुर में एक विशाल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। यह अभियान राजेश शर्मा, डीआइजी (मुख्यालय) के संरक्षण में सैनिकों और सदस्यों के साथ आयोजित किया गया था। लायंस क्लब विवेक शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक, एसडीओपी डबरा, थाना प्रभारी डबरा और थाना प्रभारी टेकनपुर पुलिस स्टेशन के साथ, लायंस क्लब के अध्यक्ष और सचिव डबरा 20 अन्य सदस्यों के साथ, श्री मनीष, कमांडेंट, सीएसएमटी, अन्य 20 बीएसएफ अधिकारी, एसओ और जवान शामिल हुए।

# युवाओं को योग आधारित शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता: योग गुरु महेश अग्रवाल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से नि:शुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर आने वाले बच्चों का योग से जुड़े रहें इसका विशेष ध्यान रखा जाता है बच्चों में सीखने की जिज्ञासा बड़े ऐसा अभ्यास करवाया जाता है। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि आदर्श शिक्षा आर्थिक परिणामों से सम्बद्ध नहीं होनी चाहिये। शिक्षा को मनुष्य की अंतर्निष्ठ प्रतिभा को प्रकट करने में और क्रम विकास की प्रक्रिया में सहायता करनी चाहिये जिससे उसका एक समन्वित एवं संतुलित व्यक्तित्व विकसित हो सके और उसमें दिव्यता का जागरण हो सकें। युवा अपने कौशल एवं उधमिता को पहचान सकें। आज भी कई ऐसे देश और समाज हैं जहां भारी संख्या में युवा बेरोजगार हैं। यह एक वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में उन्हें कौशल बनाने और उनकी क्षमता के विकास के लिए जागरूकता पैदा करना ज़रूरी है। इसलिए हर साल 15 जुलाई के दिन विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस युवाओं को रोजगारए अच्छे काम और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व पर केंद्रित है। जिससे वह बेहतर अवसरों की तलाश कर रोज़गार प्राप्त कर सकें। इस वर्ष की थीम हैए श्परिवर्तनकारी भविष्य के लिए शिक्षकोंए प्रशिक्षकों और युवाओं को कुशल बनानाण्श्

योग गुरु महेश अग्रवाल ने सकारात्मक विकास के बारे बताया कि कल्पना कीजिए कि पूरे विश्व के स्कूलों में गणित या विज्ञान की तरह योग पढ़ाया जाए तो क्या होगाघ् जब हम यह मानते हैं कि विश्व की साठ प्रतिशत जनसंख्या बच्चों की है तो परिणाम अवश्य अचंभित करने वाले होंगे।

## जावेद भाई कंजे का निधन



**भोपाल।** जावेद भाई कंजे का आज मुम्बई के जसलोक अस्पताल में निधन हो गया है। जावेद भाई क़रीब 63 साल के थे । जावेद भाई ताजुल मस्जिद कमेटी, दारूल उलुब के प्रबंधक सदस्य थे द्यसाथ ही जावेद भाई यतीम ख़ाना कमेटी के भी सदस्य भी थ। मिली जानकारी के अनुसार 16 जुलाई प्रात: 9 बजे उनके कोहेफिजा निवास से निकलकर प्रात: 9.30 बजे जनाजे की नमाज़ ताजुल मस्जिद परिसर में होगी। जावेद कंजे का दफन भोपाल टॉकिज के पास स्थित अशोका होटल के पास किया जायेगा।

# बुलियन के फर्जी बिल बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वाणिज्यिक कर विभाग ने बुलियन व्यापार करने वाले व्यवसाइयों द्वारा फर्जी बिल बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। विभाग के डेटा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से मिली मदद से पिछले 6 से 8 माह की अवधि में 375 करोड़ रूपये का अवैध बुलियन व्यापार पाया गया। विभाग द्वारा बीफा/ गेन, ई वे बिल एवं जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध 400 से अधिक एनालिटिकल रिपोर्ट का बारीकी से परीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। वाणिज्यिक कर आयुक्त श्री लोकेश कुमार जाटव एवं विशेष कर आयुक्त श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में उच्च मूल्य की वस्तु 'बुलियन' के व्यापार में संलिप्त व्यवसाइयों से सघन डाटा एनालिसिस कर पाया गया कि प्रदेश में बुलियन (सोने एवं चांदी) के एक संगठित नेटवर्क द्वारा अपने निजी कर्मचारियों, जैसे घरेलू नौकरों/ ड्राइवर या अन्य व्यक्तियों, के दस्तावेजों पर जीएसटी पंजीयन प्राप्त किये गये हैं। साथ ही इन कर्मचारियों के दस्तावेजों का उपयोग बैंक खाता खोलने में भी किया गया है। जीएसटी पंजीयन प्राप्त कर पंजीयत व्यवसाइयों से बड़ी मात्रा में बुलियन क्रय किया गया। उसके बाद फर्जी बिल जारी कर इन बुलियन को छोटी-छोटी मात्रा में निजी उपभोक्ताओं को बेचा जाना बताया गया। प्रथम चरण में विभाग द्वारा चिन्हांकित 7 संदिग्ध बुलियन व्यवसाइयों द्वारा 6 से 8 माह की अवधि में लगभग 375 करोड़ रुपये का बुलियन संबंधी व्यापार किया जाना पाया गया। यह समस्त बुलियन इसी अवधि में निजी उपभोक्ताओं को बेचा जाना भी बताया गया। आयुक्त श्री लोकेश कुमार जाटव के निर्देशन में जीएसटी अधिनियम के तहत संदिग्ध फर्मों पर सर्च की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सतना, कटनी, जबलपुर एवं छतरपुर की 6 संदिग्ध फर्मों के व्यवसाय स्थलों पर कोई व्यावसायिक गतिविधि संचालित होना नहीं पायी गई। एक फर्म द्वारा पंजीयन निरस्त करा लेने के कारण सर्च की कार्यवाही नहीं की गयी। इन संदिग्ध फर्मों द्वारा लगभग 724 किलोग्राम बुलियन का व्यापार किया गया तथा 5 से 10 ग्राम तक के बुलियन को अपंजीयत व्यक्तियों को फर्जी बिल जारी कर विक्रय करना दर्शाया गया।

### एम्स कार्यपालक निदेशक ने डॉ. मल्होत्रा को योग और ध्यान के व्याख्यान के लिए सम्मानित किया



**भोपाल।** एम्स के फिजियोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा को 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 में उनके योगदान के लिए कार्यपालक निदेशक प्रो डॉ अजय सिंह द्वारा सम्मानित किया गया । डॉ. मल्होत्रा ने सिक्किम मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसएमआईएमएस) गंगटोक, सिक्किम द्वारा आयोजित एक वेबिनार के दौरान मैट से परे योग और ध्यान के साक्ष्य वैज्ञानिक खोज विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान दिया था ।21 जून को आयोजित वेबिनार ने दुनिया भर से चिकित्सा पेशेवरों, शोधकर्ताओं, छात्रों और योग उत्साही लोगों के विविध दर्शकों को आकर्षित किया।

### एम्स और आईएसआरटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा



**भोपाल।** एम्स इंडियन सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर एंड टेक्नोलॉजिस्ट (आईएसआरटी) और एमपी राज्य शाखा (आईएसआरटी) के साथ सहयोग कर रहा है और वर्ष 2023 के लिए इंडियन सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर एंड टेक्नोलॉजिस्ट (आईएसआरटी) का 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। दिसंबर 2023 में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें देश भर से 800-1000 प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की संभावित सभा होगी जो विकिरण प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण, शिक्षण और अनुसंधान से संबंधित हालिया प्रगति पर विचार-विमर्श करेंगे। आईएसआरटी के पदाधिकारियों ने एम्स भोपाल के निदेशक से मुलाकात की, जिन्होंने वर्ष के अंत में होने वाले इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए प्रथम सम्मेलन विवरणिका जारी की ।

# सोनी सब का वंशज एक पारिवारिक धारावाहिक, व्यवसाय की विरासत पाने एक महिला उत्तराधिकारी का संघर्ष

**भोपाल ।** सोनी सब की नवीनतम सेंसेशन वंशज, विरासत, पितृसत्ता और व्यक्तिगत कौशल के विषयों को उजागर करने वाला एक दिलचस्प पारिवारिक ड्रामा है, जिसे हाल ही में शुरू किया गया है और इसे असाधारण प्रतिक्रिया मिली है। इसकी कहानी शो की मुख्य नायिका युविका (अंजलि तत्रारी द्वारा अभिनीत) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो उत्तराधिकार के पारंपरिक मानदंडों को चुनौती देती है, और अपनी क्षमताओं के आधार पर प्रतिष्ठित महाजन परिवार के विरासती व्यवसाय में अपनी जगह पाने का प्रयास करती है। अपनी कहानी से, यह शो समाज के भीतर गहराई तक व्याप्त उस पितृसत्तात्मक सोच पर प्रकाश डालता है, जो अक्सर महिलाओं के पेशेवर विकास में बाधा डालती है, जिसके साथ ही शो महाजन परिवार के भीतर स्थित जटिल दृष्टिकोण और राजनीतिक व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता पर प्रकाश डालता है।

शो को लेकर उत्साह और हलचल पैदा करने के लिए, मुख्य कलाकार, पुनीत इस्सर, अंजलि तत्रारी, माहिर पांधी और गुरदीप पुंज भोपाल शहर पहुंचे। भोपाल आकर, वे स्थानीय लोगों और उत्साही प्रशंसकों से मिलें, जो अपने प्रिय किरदारों को निभाने वाले प्रतिभाशाली अभिनेताओं से मिलने के लिए उत्साहित थे। बातचीत के दौरान, अभिनेताओं ने कहानी में आगामी विकास के बारे में भी जानकारी दी। कलाकारों की यात्रा बेहद सफल साबित हुई और उन्होंने एक अमिट छाप छोड़ी, जिसके साथ उन्होंने शहर के गर्मजोशी भरे आतिथ्य और वहां बनाई गई यादों को भी संजोया।



भोपाल आने पर अपना उत्साह साझा करते हुए, परिवार के मुखिया, भानुप्रताप की भूमिका निभाने वाले, पुनीत इस्सर ने कहा, वंशज यह उजागर करता है कि कैसे एक महिला उत्तराधिकारी अपनी विरासत को आगे ले जाने में किसी पुरुष जितनी ही सक्षम है, और ऐसे विषयों पर चर्चा करने वाले शो का हिस्सा बनना एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए बड़ा अवसर है। मेरा किरदार भानुप्रताप प्रगतिशील होकर भी अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ है और ये विशेषताएं ही उसे आकर्षक बनाती हैं। यह किरदार और कहानी प्रासंगिक हैं और हमारी परंपराओं और मूल्यों को दर्शाती हैं। वंशज की कहानी को करीब से समझने वाले इतने सारे लोगों का प्यार पाना वास्तव में दिल को छू लेने वाला है।

इस यात्रा और शो के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए, युविका की मुख्य भूमिका निभाने वाली अंजलि तत्रारी ने कहा, युविका का किरदार अविश्वसनीय क्षमता और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। यह किरदार उन महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों से गहराई से जुड़ता है, अलग-अलग स्थितियों में जिनकी भूमिका और क्षमता पर अक्सर सवाल उठाया जाता है। मैं युविका को जीवंत करके, उसमें प्रामाणिकता और गहराई भरकर बहुत खुश हूं। उसका किरदार निभाना और सामाजिक बाधाओं को तोड़ने वाली किसी महिला के संघर्षों और जीत पर प्रकाश डालना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भोपाल की हमारी यात्रा ने वंशज को दर्शकों से मिल रहे जबरदस्त प्यार और समर्थन की पुष्टि की, और इस तरह की सराहना देखना अविश्वसनीय एहसास है।

दिग्विजय की भूमिका निभा रहे, माहिर पांधी ने टिप्पणी की, दिग्विजय के किरदार कई पहलू है, और युविका के साथ उसका निरंतर टकराव कहानी में दिलचस्प मोड़ लाते हैं। इस कई परतों वाले किरदार को जीवंत करना रोमांचक है। भोपाल की हमारी यात्रा ने हमारे सामूहिक प्रयासों के प्रमाण, हमारी मेहनत के फल की गवाह की तरह काम किया। हमारे काम के लिए दर्शकों से मिलने वाले प्यार और सराहना को देखकर बहुत खुशी हुई। वंशज का हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी और गर्व की अनुभूति होती है। एक आकर्षक कहानी और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ, वंशज अपनी विचारोत्तेजक कहानी और सम्मोहक प्रदर्शन से लगातार दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। वंशज हर सोमवार से शनिवार रात 10 बजे, केवल सोनी सब पर देखते रहिए।

## एजुकेट गर्ल्स ने बालिका शिक्षा के प्रसार के लिए 320 गांवों में चलाया शिक्षा जागरूकता रथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बालिका शिक्षा के लिए कार्य कर रही गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स ने राज्य के चार जिलों धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर में बालिका शिक्षा के प्रति समुदायों को जागरूक करने के लिए 'शिक्षा जागरूकता रथ' चलाया। एजुकेट गर्ल्स ने ये शिक्षा रथ इन 4 जिलों के 320 गांवों में 15 दिनों तक चलाया। शिक्षा रथ का शुभारंभ 16 जून को धार, झाबुआ, बड़वानी तथा अलीराजपुर के जिला कलेक्टरों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया था। एजुकेट गर्ल्स संस्था हर बालिका की शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ मध्य प्रदेश के धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर जिले में 2016 से कार्य कर रही है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी एजुकेट गर्ल्स मध्य प्रदेश के धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर जिले में नामांकन अभियान चला रही है। नामांकन अभियान की इसी कड़ी में समुदाय को बालिका शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक करने के लिए संस्था ने 16 जून से नवाचार के रूप में शिक्षा रथ को इन 4 जिलों के गांवों में रवाना किया था। एजुकेट गर्ल्स का ये शिक्षा रथ करीब 15 दिनों तक धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर के 320 से भी अधिक गांवों में घूम-घूमकर समुदायों को जागरूक करता रहा।

## किआ इंडिया ने मनाया 10 लाख मेक इन इंडिया प्रोडक्शन यूनिट का जश्न

**भोपाल।** किआ इंडिया ने हाल ही में लॉन्च की गई नई सेल्टोस की पहली यूनिट को अनंतपुर स्थित अत्याधुनिक निर्माण इकाई से रोलआउट किया है। इसी के साथ ही कंपनी ने इस निर्माण इकाई से 10 लाख वाहनों को डिस्पैच करने की एतिहासिक उपलब्धि भी हासिल कर ली है। साथ ही इस यूनिट से नई सेल्टोस जैसी भारत की सबसे विकसित, सुरक्षित और स्मार्ट एसयूवी के उत्पादन की भी शुरुआत हो गई है। नई सेल्टोस नए जमाने की डिजाइन और 32 सेफ्टी फीचर्स के साथ आती है। इनमें 17 फीचर्स के साथ सबसे एडवांस लेवल 2 एडीएएस और बहुप्रतीक्षित पैनोरमिक सनरूफ शामिल हैं। नई सेल्टोस 14 जुलाई 2023 से भारत में प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध होगी। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय बाजार के प्रति किआ की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है और इसके रणनीतिक दृष्टिकोण की सफलता को दर्शाती है। किआ की 10 लाखवीं कार को पेश करते हुए, किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ, ताए-जिन पार्क ने कहा, यह हमारे लिए, हमारे कर्मचारियों के लिए और हमारे भागीदारों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिन्होंने हमारे इस सफर को जीया है और किआ को बनाने में हमारी मदद की है।

## निम्न गुणवत्ता वाले कफ सिरप्स के कारण दुर्भाग्यपूर्ण मौतें

**भोपाल।** बीते माह के अंत तक, यह बात सुर्खियों में रही कि किस प्रकार डब्ल्यूएचओ ने पंजाब में तैयार किए जा रहे कफ-सिरप्स के लिए उत्पादन-चेतावनी जारी की। इस तथ्य की पुष्टि सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने की है। इन कफ-सिरप्स में जहरीले डाईइथिलीन ग्लाइकोल और इथिलीन ग्लाइकोल की अस्वीकार्य मात्रा पाई गई थी। इस घटना ने बीते वर्ष अक्टूबर में घटित ऐसी अन्य घटना की याद दिला दी, जब डब्ल्यूएचओ ने भारत में कई अन्य राज्यों से आने वाले कफ-सिरप्स के बारे में मेडिकल चेतावनी जारी की थी। ये कफ-सिरप्स वेस्ट-अफ्रीकी देश जाम्बिया में बच्चों की मौतों का कारण बने थे। भले ही ये प्रतिकूल घटनाएं सख्त कदम उठाने के प्रति सचेत करती हैं, लेकिन सरकार को आइसोप्रोपाइल अल्कोहल्स या आईपीए के प्रयोग के नियमों के लगातार उल्लंघन की ओर भी ध्यान देना चाहिए, जिनके बारे में सेक्शन-16 और दि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के दूसरे शेड्यूल में बताया गया है। आईपीए रंगहीन, ज्वलनशील और तेज गंध वाला विलायक द्रव (सॉल्वेंट) होता है। इसका व्यापक प्रयोग दवाइयां और दवाइयों के नुस्खे तैयार करने में किया जाता है। इनके अतिरिक्त, यह हैंड-सैनिटाइजर्स, एंटीसेप्टिक्स और डिस्इन्फेक्टेंट्स जैसे उत्पादों में भी प्रयोग किया जाने वाला सामान्य तत्व है। हालांकि, जिस प्रकार कफ-सिरप्स उत्पादक अवैध रूप से डाईइथिलीन ग्लाइकोल और इथिलीन ग्लाइकोल का प्रयोग ग्लिसरीन और प्रोपाइलीन ग्लाइकोल के सस्ते विकल्प के रूप में कर रहे हैं, अन्य भारतीय दवा निर्माता भी नियमित रूप से सस्ते और आयातित आईपीए का प्रयोग कर रहे हैं।

## पोको इंडिया ने पोको सी51 के लिए एयरटेल के साथ आकर्षक साझेदारी की घोषणा की

**भोपाल।** भारत के अग्रणी कंज़्यूमर टेक्नॉलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको इंडिया ने आज भारत का सबसे किफायती 4जी स्मार्टफोन लॉन्च करने के लिए भारती एयरटेल के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। पोको सी51 एयरटेल के पोस्टपेड कनेक्शंस के लिए लॉक होगा और यह फ्लिपकार्ट पर 5,999 रु. में मिलेगा। ग्राहक 18 जुलाई से फ्लिपकार्ट पर यह स्मार्टफोन खरीद सकेंगे। इस खास मूल्य के अलावा यह डिवाईस खरीदने वाले एयरटेल प्रिपेड ग्राहकों को एयरटेल की ओर से एक बार 50 जीबी का मोबाईल डेटा भी दिया जाएगा। यह ऑफर खरीदने के इच्छुक नॉन-एयरटेल ग्राहक एयरटेल से डोरस्टेप सिम डिलीवरी प्राप्त कर सकते हैं, और यह बेनेफिट लेने के लिए इसका इंस्टैंट एक्टिवेशन होगा।इस साझेदारी के बारे में हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, ''हम पोको और एयरटेल के बीच इस गठबंधन की घोषणा करके बहुत उत्साहित हैं, जिससे पोको सी51 की पूरे देश में उपलब्धता और किफायत बढ़ रही है। एयरटेल के विस्तृत नेटवर्क का उपयोग करते हुए हम पोको की अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी के फायदे पूरे जनसमूह तक पहुँचाएंगे, जिससे पोको सी51, स्मार्टफोन के खरीददारों के लिए काफी मजबूत प्रस्ताव बन जाएगा।''शाश्वत शर्मा, डायरेक्टर, कंज़्यूमर बिजनेस, भारती एयरटेल ने कहा, ''हम फ्लिपकार्ट पर एयरटेल के ग्राहकों के लिए पोको सी51 की उपलब्धता बढ़ाने के लिए यह अद्वितीय साझेदारी करके बहुत उत्साहित हैं।

## इंडियाज़ बेस्ट डांसर में शक्ति कपूर ने बताई कहानी

**मुंबई ।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का देसी डांस रियलिटी शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3, इस रविवार अपने परिवार स्पेशल एपिसोड में परिवारों की मस्ती भरी नोकझोंक का जश्न मनाएगा! इस एपिसोड में चार चांद लगाएंगे जाने-माने कलाकार शक्ति कपूर और पद्मिनी कोल्हापुरे, जो अपने परिवार और अपनी निजी जिंदगियों से जुड़ीं कुछ दिलचस्प यादें साझा करेंगे। एक परिवार की ताकत को सेलिब्रेट करते हुए ये सभी कंटेस्टेंट्स जजों और गेस्ट्स को प्रभावित करने के लिए अपना बेस्ट सामने लाएंगे। इस दौरान अक्षय पाल और उनके कोरियोग्राफर अमर एक फुल-ऑन फिल्मी परफॉर्मेंस देंगे, जहां वे शक्ति कपूर के कुछ यादगार डायलॉग्स और किरदारों को रीक्रिएट करके उन्हें सम्मानित करेंगे। अक्षय और अमर, जहां तेरी ये नजर है, मिलेगी मिलेगी और धोखा दिया जैसे गानों पर परफॉर्म करते हुए अपने शानदार डांस एक्ट में पॉपुलर किरदार नंदू को रीक्रिएट करके सबको खूब हंसाएंगे! बी-टाउन के अपने नंदू यानी शक्ति कपूर इस जोड़ी की तारीफ करते हुए कहेंगे, यह वाकई एक एंटरटेनिंग एक्ट था। उन्होंने एक दिलचस्प याद ताजा करते हुए कहा, जब मुझे राजा बाबू का ऑफर मिला, तब मैं यह फिल्म साइन नहीं करना चाहता था, क्योंकि मैंने बहुत-से नेगेटिव रोल्स निभाए थे और नंदू का किरदार उनसे अलग था। इसमें सिर्फ एक ही कॉस्ट्यूम था - चड्डी, नाड़ा और बनियान।

# बारिश में बैठकर ब्लॉक कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ दिया धरना



### बैरागढ़ से गायब हो रही नाबालिग बच्चियों के परिजनों के साथ थाने के सामने किया प्रदर्शन

**संत हिरदाराम नगर।** बैरागढ़ से गायब हो रही बच्चियों के परिजनों के परिवार के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में पानी में भिगते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना दिया।

इस अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण ने कहा कि संत नगर से 15 दिनों के अंदर 5 से 6 नाबालिग बच्चियां गायब हो गई पुलिस द्वारा खानापूर्ति करते हुए एफआईआरदर्ज की जाती है पर आज दस दिन हो गए बच्चियों का अता पता नहीं है। इससे प्रमाणित होता है कि पुलिस प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है बच्चियों के परिजन परेशान हो रहे थाने में पुलिस उन्हें डांटकर भगा देती है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में सत्ता पक्ष के लोगों का अपराधियों को संरक्षण होने के कारण अपराधियों के होंसले बुलंद हैं और आम जनता में अपराधियों का भय बना हुआ है। यहां पर उपस्थित उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने पुलिस प्रशासन को धरने के माध्यम से मांग कि है कि जल्द ही बच्चियां को सुरक्षित लाकर उनके परिजनों को सौंपा जाए अन्यथा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। धरने में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण, उपब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता महेश गुरबानी, मंडलम अध्यक्ष नरेन्द्र केवलानी, दिलीप ज्ञानचंदानी, जगदीश सांवले, प्रकाश विधानी, शम्मी गंगवानी, राजकुमार धानुक, लक्ष्मदास वासवानी सहित गायब बच्चियों के परिवार से उनके माता पिता, नाना नानी सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित, स्ट्रीट लाइटें बंद होने से अंधेरे में डूबा शहर

### भाजपा नहीं करना चाहती संत नगर में विकास का कामः पार्षद अशोक मारण



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर में बदहाल सड़कों और नालों पर कब्जे सहित जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है। वार्ड पांच के कांग्रेस पार्षद अशोक मारण ने आरोप लगाया है कि संत नगर में भाजपा पक्षपात का रवैया अपना रही है। कांग्रेस पार्षद अशोक मारण ने कहा कि विगत 20 वर्षो से भाजपा की सरकार एवं विगत 10 वर्षो से भाजपा के महापौर होने के बाद भी संत नगर की जनता सडकों एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी तरस रही है। अशोक मारण ने कहा कि भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने विगत नवम्बर-दिसम्बर में बडे जोरो शोरो से घोषणाओं के साथ संत नगर की सडकों, नालियों एवं अन्य समस्याओं को लेकर सोशल मीडिया पर काफी वाहवाही लूटी एवं संत नगर में आम जनता से स्वागत भी खूब करवाया पर आज स्थिति काफी खराब है। उन्होंने कहा कि संत नगर में चाहे नाली निर्माण हो, चाहे सडक निर्माण हो या नाले के निर्माण पर कब्जा हो या सडको में गडडे हो या शहर में जल भराव की स्थिति बन रही हो। लोह पीटा की गली बस्ती का अतिक्रमण हटने के बाद भी सड़क नही बनी एवं वार्ड क्र. 3 भौंरी की मेन सड़क का विगत 1 वर्ष से काम बंद होने के कारण आम जनता को परेशानी हो रही है। संत नगर की स्ट्रीट लाइट भी महीनो से बंद होने के बाद भी चालू नही हो पा रही है एवं संत नगर की विभिन्न क्षेत्रो की सीवेज की समस्याओं का भी निराकरण नही हो पा रहा है। इस ओर न तो महापौर, न ही क्षेत्रीय विधायक ध्यान दे रहे है। अशोक मारण ने कहा कि अगर 8 दिन के अंदर संत नगर में काम नहीं चालू हुआ तो ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आम नागरिकों के साथ कांग्रेस पार्टी धरना एवं निगम का घेराव करेगी।

# भोपाल मण्डल परिक्षेत्र के सांसदों के साथ रेलवे महाप्रबंधक ने की बैठक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मण्डल परिक्षेत्र के सांसदगणों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन शुक्रवार को होटल ताज लेक फ्रंट में किया गया। महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता नें अपने स्वागत उद्बोधन में बैठक में उपस्थित सभी सांसदगणों, प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल सहित सभी गणमान्यजन का पश्चिम मध्य रेल की ओर से हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने पश्चिम मध्य रेल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज की इस बैठक में हमें आप सभी सांसदगणों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा और आपके बहुमूल्य सुझावों का लाभ मिलेगा। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा1 अप्रैल 2023 को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 27 जून 2023 को भोपाल मंडल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एक साथ 5-5 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए मध्य प्रदेश को एक साथ दूसरी एवं तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात प्रदान की।

आप सभी को ज्ञात है कि विश्व स्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तरह भोपाल एवं बीना स्टेशन का रि-डेवलपमेंट के कार्य का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भोपाल मंडल के कुल 17 स्टेशनों का चयन किया गया है। योजना के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर, गंजबासौदा, विदिशा, अशोकनगर, रूठियाई, ब्यावरा-राजगढ़, साँची, शाजापुर, खिरकिया, बानापुरा, इटारसी, गुना, नर्मदापुरम, हरदा एवं शिवपुरी सहित कुल 15 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर विकास कार्य किये जाएंगे। अधोसंरचना के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेल ने दोहरीकरण, तिहरीकरण के साथ-साथ नई लाइन के निर्माण में भी काफी प्रगति की है। रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाइन परियोजना के कार्य वर्ष 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा बीना-गुना रेलखण्ड के कुल 119.98 किलोमीटर दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। साथ ही अक्टूबर-2023 से इंदौर-बुदनी नई रेल लाइन (198 किलोमीटर) हेतु पूर्ण भूमि अधिग्रहण प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। बरखेड़ा-बुदनी तीसरी लाइन के शेष 26.50 किलोमीटर के कमीशनिंग का कार्य अक्टूबर-2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्ष 2022-23 में पश्चिम मध्य रेल में कुल 09 रोड ओवर ब्रिज, 60 रोड अंडर ब्रिज/लिमिटेड हाईट सबवे, 11 फुट ओवर ब्रिज, 10 एस्केलेटर एवं 06 लिफ्ट का प्रावधान किया गया है।

मण्डल रेल प्रबंधक भोपाल सौरभ बंदोपाध्याय नें पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के द्वारा मंडल की उपलब्धियां, भविष्य की योजनाओं व मण्डल में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी बैठक में उपस्थित सदस्यों को दी।

## संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'बी एक्सट्राऑडनरी' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, विषय विशेषज्ञ के रूप में श्वेता केसवानी, डायरेक्टर, ड्रीम्ज ग्लोबल, जयेश कुमार, फाउन्डर एंड चीफ, पीपल्स पर्सन स्वराज आश्रम, मायरा केसवानी, स्टाईल कंसल्टेंट सहित वाणिज्य विभाग की शिक्षिकाएं, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि वर्तमान समय में कम्युनिकेशन एवं प्रेजेन्टेशन स्किल्स का होना अति आवश्यक है। कौशल विकास द्वारा छात्राएं उचित क्षेत्र में उपलब्ध बेहतर रोजगार के अवसरों का लाभ लेकर अपना भविष्य निर्माण कर सकती हैं। इस दो दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं को 7 स्प्रिचुअल लॉ ऑफ कम्युनिकेशन एवं पॉवर ड्रेसिंग को प्रभावी ढंग से बताया गया।

छात्राओं को संप्रेषण के अर्थ, उद्देश्य सहित संप्रेषण के विभिन्न मॉडल्स की भी जानकारी दी गई। छात्राओं को जीवंत उदाहरणों द्वारा सकारात्मकता, प्रभावी संचार, अवलोकन के महत्व, वर्तमान समय की आवश्यकताओं की समझ एवं डेऊसिंग की विभिन्न शैलियों की जानकारी दी गयी। इस कार्यशाला में छात्राओं के लिए क्वीज का भी आयोजन किया गया।

## शिक्षा समिति अध्यक्ष मोहन जाट ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**भोपाल ।** बेरसिया रोड के ग्राम पंचायत बीनापुर के माध्यमिक शाला एवं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय नेताजी सुभाष बोस आवासीय बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया। भोपाल जिला पंचायत शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने आज शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण करते हुए स्कूल में चल रही पढ़ाई एवं शौचालय छात्रावास में रह रहे बच्चों की सुविधा और सुरक्षा के इंतजामों का जायजा लिया। माध्यमिक शाला बिनापुर की एचएम ने अध्यक्ष जी को हाजिरी रजिस्टर दिखाते हुए बच्चों की पढ़ाई के बारे में बताया। मोहन जाट जी ने बच्चों से अलग-अलग बात कर पढ़ाई के बारे में पूछा कि शिक्षक समय पर आते हैं और कब जाते हैं उपस्थित शिक्षकों से मोहन जाट ने कहा कि आप ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर पर ध्यान दो और बच्चों को समय पर स्कूल आकर अच्छी शिक्षा दो ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अपना भविष्य बना सकें। मोहन जाट जीने मीनापुर के शासकीय बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण कर छात्रों से बात कर चर्चा की स्कूल के निरीक्षण के दौरान सारे शिक्षक उपस्थित मिले एवं शिक्षण कार्य ठीक तरीके से कर रहे। निरीक्षण के दौरान शिक्षा समिति के सभापति मोहन सिंह जाट के साथ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद राजोरिया, सुरेश राजपूत, अनिल हाड़ा उपस्थित थे।

### दो दर्जन स्कूल बसों की चेकिंग, 4 वाहन जप्त किए गए

**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश अनुसार भोपाल संभागीय परिवहन सुरक्षा दल द्वारा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी भोपाल के नेतृत्व में स्कूल बस चेकिंग के दौरान 2 दर्जन से अधिक स्कूल बसो की जाँच की गयी और बिना परमिट चलती हुयी पायी जाने कुल 4 वाहन ज़ब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ी की गयी है। जिला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अधिकारियो ने शुक्रवार को भी स्कूल बसों के जांच का अभियान चलाया और कलेक्टर भोपाल के निर्देश 24 से अधिक बसों की जांच में कार्यवाही के दौरान गाँधी नगर स्थित फादर एंजेल स्कूल, ग्रेट महावीर स्कूल , रुक्मिणी देवी स्कूल, हौली क्रॉस स्कूल के बसों की जांच की गई।

### औद्योगिक विकास भी हुआः लारिया



**भोपाल।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र में सतत विकास के कार्य हो रहे हैं और इन कार्यों से जनता ने तीन बार विधायक बनाया है नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा नरयावली विधानसभा क्षेत्र में सड़क बिजली पानी के साथ ही औद्योगिक विकास भी हुआ है नरयावली विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा उद्योग लगाया जाना है विकास के कार्यों को देखते हुए ही क्षेत्र की जनता ने लगातार तीन बार विधायक चुना प्रदीप राय ने उम्मीद जताई कि चौथी बार भी जनता विश्वास हासिल होगा।



**भोपाल।** पूर्व मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा से तकनीकी शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय चौरसिया ने चर्चा की।

# विधायक कृष्णा गौर ने कांक्रीट सड़क एवं नाली निर्माण का किया भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गोविंदपुरा विधानसभा की विधायक कृष्णा गौर ने वार्ड 72 के गीता नगर में 14 लाख की नाली एवं कल्याण नगर में 18 लाख की कंक्रीट सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया । कृष्णा गौर के साथ भानपुर मंडल अध्यक्ष नीलेश गौर, वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, मंडल महामंत्री सुबोध साहू, वार्ड 74 के पार्षद प्रतिनिधि राजू लोधी विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति ने किया भूमिपूजन। भूमिपूजन में नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश कुमार राजेश, जोन 16 के जोनल अधिकारी सत्यप्रकाश बडगैया,



सिविल सहा.यंत्री फुरकान खान, स्वाथ्य अधिकारी दिनेश पाल, कौशलेश पाठक, नर्बदा प्रसाद सचान, गायत्री गायकवाड, बिंद्रपाल सिंह बाथम, कैलाश सोनी, बीएस मरमट, चंद्रप्रकाश गौर, रमा कुशवाह, भागवती पटेल, डीएस वर्मा, कमलेश अहिरवार, मुकेश बघेल, अभिषेक माली, शुभम कोरी, संदीप अहिरवार, विमलेश ठाकुर, दिव्या पटेल, सविता द्विवेदी, सीता चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## म. प्र. की पहली महिला अंतराष्ट्रीय रैफरी बनी आकांक्षा कमाले



छिंदवाड़ा। जिला वेट लिफ्टिंग संघ छिंदवाडा एवं पूरे जिले व मध्य प्रदेश के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि जिले की पूर्व राष्ट्रीय महिला वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी जो अब रेलवे में पदस्थ है जिला वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव रविकॉत अहिरवार ने बताया कि आकांक्षा कमाले मध्य प्रदेश की पहली महिला हैं जो पहले राष्ट्रीय स्तर पर रैफर शीप कर चुकी है और अब उनका चयन नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित अंतराष्ट्रीय कॉमनवेलथ सीनियर जूनियर वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में तकनीकी अधिकारी के रूप में किया गया है जिला वेट लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने जिले के लिए बहुत ही गर्व व हर्ष की बात की वेट लिफ्टिंग संघ की पहली अंतराष्ट्रीय महिला रैफरी आकांक्षा कमाले हमारे जिले के साथ साथ मध्य प्रदेश व राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिला खेल अधिकारी व अन्य पदाधिकारीयो ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुऐ हार्दिक बधाईयॉ दी।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**अमरवाड़ा।** विकासखंड के 15 मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा अमरवाड़ा के शासकीय महाविद्यालय में पौधारोपण किया एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र अमरवाड़ा के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अंशुल जैन ने जानकारी देकर बताया कि छिंदवाड़ा जिले के सीएम फेलो गौरव जैन के मार्गदर्शन निर्देशन में विकासखंड के सभी जनसेवा मित्र ने शासकीय महाविद्यालय पहुंचकर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया सभी जनसेवा मित्रों के द्वारा पौधारोपण किया गया एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर ज्योति सुर्यवंशी के द्वारा जनसेवा मित्र व छात्र छात्राओं को संबोधित किया गया । इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रगति सोपान समिति के सदस्य मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र एकता जंघेला डिंपल वर्मा, सोनम डेहरिया, मनोज वर्मा,दीपक सूर्यवंशी महेंद्र तेकाम, रानू भारती, प्रियंका शिवहरे, संतोषी उईके, अंकित जंघेला मुस्कान यादव ,पूजा विश्वकर्मा रानू यादव ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अंशुल जैन सहायक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शिवकुमार विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## नगर निगम द्वारा किया गया हर दिन ट्विन बिन अभियान का आयोजन



छिंदवाड़ा। मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प के अंतर्गत ''हर दिन ट्विन बिन'' अभियान के दौरान महापौर विक्रम अह्के द्वारा वार्ड क्रमांक 39 विवेकानन्द कॉलोनी में स्थित साई मंदिर में सर्वप्रथम दर्शन एवं मंदिर के सामने वृक्षारोपण किया गया। साथ में वार्ड क्रमांक 39 के वार्डवासियों से गृह भेंट के माध्यम से स्रोत पृथक्कीरण एवं घर से निकलने वाले कचरे को चार भागों में कचरा संग्रहण वाहन मे डालने के विषय में चर्चा कि गई साथ में वार्डवासियों से अपने घरों में 2 बिन रखने व आस-पास साफ़ सफाई बनाये रखने की अपील कि गई7 इस अवसर पर नदीम अहमद (सभापति), श्रीमती सरिता चिंटू काले (पार्षद), गणमान्य नागरिक, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी, समस्त जोन प्रभारी, वार्ड सुपरवाइजर एवं स्वच्छता टीम उपस्थित रहे, साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में छिंदवाड़ा को नंबर 1 बनाने में सहयोग के लिए स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

## कमलनाथ एवं नकुलनाथ के निर्देश पर शुरू होगी उड़ान नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस

छिंदवाड़ा। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके द्वारा छिंदवाड़ा के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी करवाने हेतु निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया जाना है जिसका संचालन सूर्या फाउंडेशन द्वारा किया जायेगा जिसका रजिस्ट्रेशन दिनांक 14 से 21 जुलाई तक किया जाना है जिसमे छिंदवाड़ा शहर के सैकड़ो जरूरतमंद विद्यार्थी ऑनलाइन या ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर अपना स्थान सुरक्षित कर सकते है इस कोचिंग की क्लासेस खजरी रोड मोहित चश्मालय के पीछे कोहिनूर टावर 2ठ्ठस्त्र फ्लोर ,सूर्या इंस्टीट्यूट ( संचालक- इंजीनियर पंकज सूर्यवंशी ) में लगेगी निश्चित ही कमलनाथ एवं नकुलनाथ की इस छात्र हितैशी पहल से जुड़कर अपना भविष्य सुरक्षित कर सकेंगे एवं अपने सपनो को नई उड़ान दे सकेंगे कोचिंग के विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु आप इस नंबर पर संपर्क कर सकते है 9981823939, 8989105016, 7697832569..।

## सिंचाई यंत्र क्रय करने लिएऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा।** कृषि विभाग द्वारा 4 योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर सिंचाई यंत्र क्रय करने लिए कृषकों से अनुदान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं । जिले के किसान आगामी 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 31 जुलाई तक कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल https://dbt.mpdage.org पर अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं । पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध एक अगस्त 2023 को लॉटरी सम्पादित की जायेगी ।उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि किसान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट व ड्रिप, राष्ट्रीय मिशन ऑन ईडिबल ऑइल तिलहन के अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट, पम्प सेट (डीजल/विद्युत) व पाईप लाईन सेट, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा दलहन के अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट, पाईप लाईन व पम्प सेट (डीजल/ विद्युत) और खाद्य एवं पोषण सुरक्षा टरफा के अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट व पाईप लाईन के लिए अनुदान पर सिंचाई उपकरण क्रय सकते हैं ।

### छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन से जायेगी....

# द्वारका, अयोध्या और कामाख्या तीर्थ स्थलों की यात्रा करेंगे बुजुर्ग तीर्थ यात्री



## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2 अगस्त से 30 सितंबर तक



छिन्दवाड़ा। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशेष पहल पर जिले के बुजुर्ग तीर्थ यात्री मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 2 से 7 अगस्त तक द्वारका, 24 से 27 अगस्त तक अयोध्या, 22 से 27 सितंबर तक द्वारका और 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक कामाख्या तीर्थ की यात्रा कर सकेंगे। इस संबंध में इस योजना के अंतर्गत द्वारका तीर्थ के लिये 21 जुलाई तक, अयोध्या तीर्थ के लिये 11 अगस्त तक, द्वारका तीर्थ के लिये 9 सितंबर तक और कामाख्या तीर्थ के लिये 18 सितंबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। द्वारका तीर्थ के लिये 150, अयोध्या तीर्थ के लिये 200, द्वारका तीर्थ के लिये 150 और कामाख्या तीर्थ के लिये 100 यात्रियों को भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 2 से 7 अगस्त तक द्वारका और 24 से 27 अगस्त तक अयोध्या तीर्थ के लिये रेलवे स्टेशन छिंदवाड़ा एवं 22 से 27 सितंबर तक द्वारका और 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक कामाख्या तीर्थ के लिये रेलवे स्टेशन परासिया से विशेष ट्रेन रवाना होगी । जिले के आवेदक इस योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन पत्र समग्र आई.डी. व आधार कार्ड की प्रतिलिपि के साथ संबंधित नगर निगम, नगरीय निकाय और जनपद पंचायत में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त होने पर कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी द्वारा यात्रियों का चयन किया जायेगा।



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बताया कि इस यात्रा में केवल 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष और 58 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी महिला जो आयकरदाता की श्रेणी में नहीं आते हों, यात्रा के लिये पात्र हैं। यदि पति-पत्नी साथ यात्रा करना चाहते है तो पति/पत्नी में से किसी एक को पात्रता होने पर जीवनसाथी भी यात्रा पर जा सकता है, भले ही उसकी उम्र 60 वर्ष से कम हो । नवीनतम प्रावधानों के अनुसार पूर्व में यात्रा कर चुके वयोवृध्द 5 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद पुनः यात्रा के लिये पात्र रहेंगे। तीर्थ यात्रा के लिये समूह बनाकर भी आवेदन किया जा सकता है। समूह का मुखिया आवेदक रहेगा, किंतु ऐसा समूह 25 व्यक्तियों से अधिक का नहीं रहेगा । यात्रा के लिये शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम होना आवश्यक है तथा किसी संक्रामक रोग जैसे टी.बी., कंजेक्टीवायटस, कार्डियाक, श्वास में अवरोध संबंधी बीमारी, कोरोनरी अपर्याप्त, कोरोनरी थ्रोम्बोसिस, मानसिक व्याधि, संक्रमण, कुष्ठ रोग आदि से ग्रसित नहीं होना चाहिये । ऐसे दिव्यांग नागरिक जिनकी दिव्यांगता 60 प्रतिशत से अधिक है, वे भी इस यात्रा के लिये पात्र है तथा उनके लिये आयु का बंधन नहीं है। योजना के अंतर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु के एकल तीर्थ यात्री, 65 वर्ष से अधिक आयु के पति-पत्नी एवं 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को सहायक (केयर टेकर) ले जाने की पात्रता है। सहायक व्यक्ति की आयु 18 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम होना चाहिये ।



## कलेक्टर श्रीमती पटले पहुंचीं मोहगांव जलाशय डूब प्रभावित कृषकों के बीच

### ग्रामीणों से चर्चा की, विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर उनकी समस्याएंसमझीं और अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले अधिकारियों की टीम के साथ छिंदवाड़ा जिले के सौंसर क्षेत्र के अंतर्गत मोहगांव जलाशय के डूब प्रभावित कृषकों के बीच पहुंचीं और उनसे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर भी उनकी समस्यायों को समझा और शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अधूरी सड़कों का निरीक्षण किया और उनका निर्माण जल्दी से जल्दी कराने के निर्देश ठेकेदार और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम भुम्मा के पास बनाए गए विस्थापन केंद्र का भी अवलोकन किया । पानी की समस्या का समुचित समाधान निकालने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को दिए। ग्रामीणों की मांग के अनुरूप आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण प्रारंभ हो गया है, उसे तीन माह के अंदर पूरा कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इस दौरान एडीएम श्री ओ.पी.सनोडिया, सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन, एसडीएम सौंसर श्री श्रेयांश कुमट व एसडीएम छिंदवाड़ा श्री अतुल सिंह सहित जल संसाधन विभाग, पीडब्ल्यूडी व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारी और तहसीलदार सहित राजस्व विभाग की पूरी टीम उपस्थित थी।



# नगर पालिका अध्यक्ष से नाराज हुये भाजपा पार्षद मंडल अध्यक्ष को लिखा पत्र



**परासिया।** नगर पालिका परासिया में भाजपा की परिषद सत्ता में लेकिन पिछले कुछ माह से अध्यक्ष एवं भाजपा के पार्षदों के बीच कई मामले को लेकर आपसी समन्वय नहीं बन पा रहा है ।जिसके कारण मनमुटाव जमकर बढ़ गया है जानकारी के अनुसार अध्यक्ष विनोद मालवीय की कार्यप्रणाली को लेकर उपाध्यक्ष महेश सोमकुवर सहित सभी 10 भाजपा के पार्षद अध्यक्ष के खिलाफ हो गए हैं ।गत बुधवार को नगर पालिका के भाजपा के समस्त सभापति एवं पारषद गणों ने भाजपा के शहरी मंडल अध्यक्ष राजेश दुबे को अध्यक्ष विनोद मालवीय की लिखित में शिकायत की शिकायत सभापति शोभा सिंह सेंगर के लेटर पैड पर की गई है ।जिसमें अध्यक्ष की कार्यप्रणाली से सभापति एवं पार्षद गणों की नाराजगी के बारे में लिखा गया है। शिकायत में 7 मामलों को शामिल किया गया है। शिकायत करने को लेकर पत्र में 10 भाजपा पार्षदों में से 7 पार्षद कुन्ती उईके ,आशीष जैस्वाल, पवन सूर्यवंशी ,सुषमा चौरसिया,शोभा सेंगर ,महेश सोमकुवर एवं शशी सत्यनामी के हस्ताक्षर है जबकि तीन पार्षद संतोष डेहेरिया अनुज पाटकर एवं दविंदर सिंह नागी के हस्ताक्षर नहीं है ।शिकायत में कहा गया है कि अध्यक्ष के द्वारा वार्ड क्रमांक 15 कि भाजपा पार्षद शोभा सिंह सेगरं को अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी दी गई ।कि उनके वार्ड में कोई काम नहीं होगा अध्यक्ष पर यह आरोप लगाया गया कि भाजपा पार्षद के वार्डों में कोई काम नहीं किया जा रहा है ज़बकि कांग्रेस पार्षदों को महत्व दिया जा रहा है। अध्यक्ष भाज़पा पार्षदों के साथ अभद्र व्यवहार कर अपमान करते हैं ।अध्यक्ष पर यह भी आरोप है कि मुख्यमंत्री के द्वारा जो 42लाख रुपए दिए गए है उसमें वार्ड क्रमांक 9 एव,12को छोड़कर कांग्रेसी पार्षदो के वार्ड 3,5 ,6,14,17,20 मे सबसे अधिक कार्य कराए जा रहे हैं ।इसी तरह मुख्यमंत्री ने नगरपालिका को एक करोड़ नौ लाख की राशि दी है। जिसमें से कांग्रेस का पार्षद वार्ड क्रमांक 3 में सबसे अधिक नाला सफाई का कार्य हो रहा है ।इसके अलावा कांग्रेस के वार्ड10 ,सतरह,अट्ठारह ,उन्नीस को भी साफ सफाई में प्रमुखता से शामिल किया गया है। सभी वार्डों में 42 लाख के कार्य हो रहे हैं ।शिकायत में यह भी कहा गया कि अध्यक्ष विनोद मालवीय ने अपने स्वयं के वार्ड क्रमांक 21 में सबसे अधिक कार्य करवा रहे है। जबकि बाकी भाजपा पार्षदों के साथ भेदभाव कर रहे हैं । हाल ही में वार्ड क्रमांक 6 में हुए पार्षद उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार की हार को लेकर टिकट दिलवाने को लेकर अध्यक्ष की अपनी मनमानी एवं उपचुनाव में किसी को जिम्मेदारी नहीं देना तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अनुशंसा को दरकिनार करने की बात की गई है।

**शोभा सेंगर ने लिखा पत्र**

राजस्व वित्त एवं लेखा विभाग के सभापति शोभा सेंगर ने परासिया के शहरी मंड़ल अध्यक्ष राजेश दुबे के नाम पत्र लिखा है।

**मुझे कुछ नही कहना**

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी ने कहा कि मुझे इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, मेरे सभी पार्षदों से अच्छे संबंध है।

**गुटबाजी से त्रस्त है भाजपा**

पूरा जिला भाजपा की गुटबाजी से त्रस्त है, जो सभी को मालूम है, परासिया में भी पूर्व विधायक ताराचन्द बावरिया के विरूद्ध में एक गुट सक्रिय है। भाजपा नेता के अनुसार वहां पर 15-20 विधायक पद के

## निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों का लिया जायजा



छिंदवाड़ा। सुबह सुबह स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों की जमीनी हकीकत जानने के लिए निगम आयुक्त राहुल सिंह ने वार्ड क्र. 42 राजीव गाँधी बस स्टैंड, वार्ड क्र. 4 कुकड़ा जगत, वार्ड क्र.12 बिंद्रा कॉलोनी वार्ड क्र. 23 एवं 24 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्डों साफ़ सफाई, बरसात के मौसम के दृष्टिगत नाले एवं नालियों की साफ़ सफाई, सार्वजानिक स्थानों में लगे ट्विन बिन की साफ सफाई, शहर में बन रहे रेड एवं येलो स्पॉट, कटे फटे होर्डिंग एवं बैनर्स इत्यादि का निरीक्षण कियाढ्ढ आयुक्त ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी को शहर की स्वछता में कमर कसने और लापरवाही न बरतने के निर्देश दिएढ्ढ आयुक्त ने बिंद्रा कॉलोनी में रोड पर ष्ट×ष्ठ वेस्ट डालने पर दीपक कुमार मैध पर चालानी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए, जिनके पालनार्थ जोन स्वच्छता अधिकारी ब्रिजेश पाण्डे एवं स्वच्छता निरीक्षक रामवृक्ष यादव द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए 1000 रुपये का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया7 आयुक्त के साथ निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी ईश्वर सिंह चंदेली, समबन्धित जोन अधिकारी, सम्बंधित स्वच्छता निरीक्षक, उपयंत्री एवं वार्ड सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।

## डिवाइडर पर चढ़ी कार ट्रक के फँसने से आवागमन में परेशानी



**परासिया।** चांदामेटा से बड़कुही मेन रोड पर फ्लावर वैल स्कूल के पास दिन शुक्रवार को एक मालवाहक ट्रक नाली में टायर घुस जाने से फस गया जिसके कारण वाहनो को आवागमन में काफी परेशानी हुई एवं मंगली बाजार चांदामेटा में पुराने पेंचवेली कॉलेज के पास बने डिवाइडर पर गुरुवार की रात्रि को एक आल्टो कार डिवाइडर पर चढ गई अगले दिन पुलिस प्रशासन ने सुबह जेसीबी की मदद से निचे उतारा गया और कार में सवार कुछ लोगों को चोटें भी आई यह घटना पहली बार की नहीं ऐसी घटनाएं कई मर्तबा हो चुकी हैं। इसके पूर्व में भी कई गाड़िया डिवाइडर के ऊपर चढ चुकी है। यहां डिवाइडर के ऊपर किसी भी प्रकार का सांकेतिक चिन्ह नहीं है। रात के अंधेरे में गाड़ियां अक्सर इसके ऊपर चढ़ जाती है ।इसलिए ऐसा न कि भावी मेंभयानक दुर्घटना का कारण बन भी सकती है लेकिन इसके पहले पूर्व में कई बार जनता के द्वारा एस,डी,एम साहब को और पुलिस को ज्ञापन भी दिया गया है

### भारी से मध्यम बारिश होने की संभावना

**छिंदवाड़ा।** भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (15 से 19 जुलाई ) घने बादल रहने एवं भारी से मध्यम बारिश एवं गरज के साथ बिजली चमकने की संभावना है । अधिकतम तापमान 29-32 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 21-23 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है । अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 88-94 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 66-78 प्रतिशत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा पश्चिम दिशा में बहने एवं 14-18 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है ।

## बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ में हुई नियुक्तियाँ



**छिंदवाड़ा।** जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए प्रकोष्ठ में युवा एवं सक्रिय चेहरों को स्थान दिया गया है जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जिले के सांसद नकुलनाथ पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्व नाथ ओक्टे जी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नंदकिशोर सूर्यवंशी की सहमति से जिला कार्यकारिणी में महामन्त्री लकी दुबे कार्यालय मंत्री नरेश सोनी नारू एवं छिंदवाड़ा ब्लॉक ग्रामीण में कार्यकारी अध्यक्ष विमल बघेल व छिंदवाड़ा शहर कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ में कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर राजेन्द्रनाथ को नियुक्ति किया गया है इनको नियुक्ति पत्र राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्व नाथ ओक्टे जी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नंदकिशोर सूर्यवंशी के हाथों प्रदान किये गए इस अवसर पर शहर कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल दुबे आशीष चौधरी धीरज धोंगे बाबा ठाकुर जितेंद्र सिंह चौहान विनय राजपूत शैलू सेंगर जाकिर परवेज़ अजय सिन्हा आरिफ़ ठाकुर प्रबल सक्सेना साकेत जैन अर्पित नायक राजेन्द्र डोंगरे अजय साहू राजा यादव आदि उपस्थित थे

## विधिक साक्षरता में छात्राओ को दी कानून की जानकारी



सौसर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे तहसील विधिक सेवा समिति तथा सिविल न्यायालय सौसर द्वारा विधिक साक्षरता एंवम जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति विवेकसिंह जिला न्यायाधीश के प्रमुख आतिथ्य मे तथा बी.आर.कलंबे प्राचार्य की उपस्थिति मे छात्राओ को विधिक जानकारी प्रदान की गयी। न्यायाधीश विवेक सिंह ने छात्राओ को रोड़ रूल मे रोड़ पर चलना वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना,वाहन बीमा,तथा रोड़ सुरक्षा नियम, पॉक्सो एक्ट के तहत छोटे बच्चों की लैंगिक अत्याचारों से सुरक्षा और अधिकार,लडकियो के लिए पैतृक सम्पति मे अधिकार,बालको के लिया बना क्रूरता अधिनियम,दहेज विरुद्ध कानून,एंवम सुचना के अधिकार की जानकारी प्रदान की प्राचार्य बी.आर.कलंबे ने शिक्षा का अधिकार तथा शाला मे उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी दी। सूर्यकीर्ति काले वरिष्ठ शिक्षक ने संविधान निर्माण, विधायिका, कार्यपालिका,तथा न्यायपालिका,के कार्यो की जानकारी के साथ कानून क्षेत्र मे कैरियॅर निर्माण की प्रचुर संभावनाओकी जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम मे शाला छात्राओ ने कानून संबंधित प्रश्न पुछे तथा उनकी जिज्ञासाओ का समाधान न्यायाधीश विवेकसिंह ने किया। कार्यक्रम मे ज्ञानेश्वर भोंगाडे व्याख्याता, कीर्तिसागर बागडे, अमित तातेकर, सुनीता चारे ,नजीर पठान उपस्थित रहे। संचालन सूर्यकीर्ती काले ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य कलंबे ने किया।

# भाजपा सरकार कर रही प्रदेश के युवाओं का भविष्य बर्बाद

### चयन परीक्षा में हुये घोटाले पर बेरोजगार प्रकोष्ठ ने सीएम का पुतला फूंका



छिन्दवाड़ा। देश में डबल इंजन की सरकार में डबल घोटाले पूर्ण हो चुके हैं। व्यापमं घोटाले का दर्द युवा अभी तक भुला नहीं पाये हैं और पीईबी घोटाले ने बेरोजगार युवाओं के जख्म को और हरा कर दिया है। शिवराज सरकार पिछले 19 सालों से प्रदेश के शिक्षित युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रही है। व्यापमं घोटाले में अनेकों योग्य युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते हुये भाजपा नेताओं ने अपने चेहतों का चयन कराया, इस गबन में अनेकों लोगों की असमय मौत हुई। हाल ही में सम्पन्न हुई चयन परीक्षा में हुये घोटाले ने पुनः प्रदेश के भाजपा नेताओं के घोटालेबाज चाल और चरित्र को उजागर कर दिया। शिक्षित युवा बेरोजगार भटक रहा है और भाजपा उनके भविष्य के साथ ही उनके सपनों के साथ भी खिलावाड़ कर रही है।मप्र कर्मचारी चयन मंडल आयोग (ईएसबी) द्वारा आयोजित ग्रुप- 2 (सब ग्रुप- 4) व पटवारी भर्ती परीक्षा में प्रदेश के लाखों शिक्षित योग्य युवाओं ने मार्च माह में चयन परीक्षा दी थी। परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी जानी थी, किन्तु परिणाम घोषित होने के साथ ही बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। भाजपा के भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाह के कॉलेज से परीक्षा देने वाले 10 परीक्षार्थियों ने प्रदेश में अव्वल स्थान पर आने के बाद ही चयन परीक्षा में हुई अनियमित्ताओं का खुलासा हुआ है। व्यापमं घोटाले के बाद प्रदेश का यह दूसरा सबसे बड़ा चयन परीक्षा घोटाला है।

# अंबेडकर चौक पर हो रहा जलभराव

### भारत रत्न की मर्यादा का भी नही है ध्यान



जुन्नारदेव। जब सत्ता अयोग्यता की दासी हो तो वहां अहंकार और अकर्मण्यता तथा शोषण जन्म ले लेता है इतिहास में विभिन्न नितिशास्त्रियो ने समय-समय पर इसके उदाहरण सहित विस्तृत व्याख्याओं से समाज को ऐसे अयोग्य शासकों से सावधान करने एवं राष्ट्रीय चेतना जगाकर नागरिक अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है ऐसे ही हमारे आधुनिक भारत के पुरोधा, जननायक, जिनकी दूरदर्शिता का लोहा विश्व जगत आज मान रहा है ऐसे *परम श्रद्धेय भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की स्थानीय तिराहे पर स्थापित प्रतिमा का चबूतरा एवं प्रतिमा परिसर नगर में जल निकासी एवं स्वच्छता के अभाव में बारिश के कीचलयुक्त तथा नालियों के दूषित पानी के सड़क पर आने तथा सड़क से चबूतरे के निचले तल एवं परिसर को गंदगी से सराबोर कर रहा है। यही मार्ग स्थानीय नगरपालिका, विद्युत मंडल, तामिया तथा नगर के प्रसिद्ध स्कूलों को भी जाता है जिसमे व्यापक जलभराव हो रहा है तथा नाली का गंदा पानी सड़क पर आकर पवित्रता को भंग करने का कार्य कर रहा है। जुन्नारदेव वासियों के बच्चे सड़क पर आए उसी नाली के पानी में से भीगकर निकलने को मजबूर हो गए हैं जिससे नगर की जनमानस की राष्ट्रीय भावनाएं आहत तो हो ही रही है। साथ ही शालेय विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में भी खासा रोष व्याप्त है।भारत रत्न के परिसर के आसपास इस तरह की गंदगी घोर निराशाजनक तथा स्थानीय जिम्मेवारों की निकृष्टता का उदाहरण है। वहीं इस स्थान पर स्थानीय जिम्मेदार नगरपालिका प्रशासन को स्वच्छता संबंधी उच्च मापदंडों का उपयोग करना चाहिए परंतु शासन - प्रशासन में जिम्मेदार पदों पर आरूढ़ व्यक्तियों को इतना ध्यान नहीं है जिस बाबासहाब के कारण आज वे भिन्न - भिन्न पदों पर आरूढ़ हैं उनके परिसर में स्वच्छता तथा सुंदरता देना उनका प्रमुख कर्तव्य होना चाहिए परंतु यह नगर का दुर्भाग्य है कि वर्तमान में स्वच्छता को लेकर नगर सरकार के पास ना ही कोई रोडमैप है और ना ही दूरदर्शिता।

**इनका कहना**

नगरपालिका द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता एवं जलनिकासी व्यवस्थाओं की अनदेखी करने से हमारी सामाजिक भावनाएं आहत हो रही है इन्हे शीघ्र नहीं सुधारा गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**श्रीमती सावित्री दुर्गेद्व,** पार्षद वार्ड क्रमांक06

भाजपा बड़े बड़े वादे कर चुनाव जीत गई जो अब झूठे साबित हो रहे हैं। इनकी परिषद लोगों को परेशान करने के अलावा कोई काम नहीं कर पा रही।

अरुणेश जायसवाल नेताप्रतिपक्ष नपा एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 10

# वार्डो में किया जा रहा डस्टबिन का वितरण



ओबैदुल्लागंज संवाददाता .स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत मुख्य नगरपालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नागरिकों से घर घर पहुंच कर किया जा रहा है स्वच्छता संवाद जिसके अंतर्गत उन्हें कचरे के पृथक्करण को लेकर सूखा कचरा नीले डस्टबिन में वह गीला कचरा हरे डस्टबिन में अलग-अलग कर कचरा वाहनों में डालने को लेकर जागरूक किया जा रहा है जिसके अंतर्गत निकाय में नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 6 में पार्षद सुजीत यादव स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा वार्ड में गीले एवं सूखे कचरे के लिए डस्टबिनओ का वितरण किया गया वह वह कचरे का पृथक्करण को लेकर जागरूक किया गया जिसमें पार्षद सुजीत यादव स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा स्वच्छता प्रभारी उमेश चंदेल सहायक स्वच्छता प्रभारी जितेंद्र सिरस्वाल अभिनव संस्था से अनुज सोनी पारस शिवम उपस्थित रहे

# पुलिस कंट्रोल रूम में हुई कार्यशाला पुलिस को बताया कैसे करें महिला बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की जांच



नर्मदापुरम। पुलिस मुख्यालय भोपाल की महिला सुरक्षा शाखा के निर्देश पर महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों के अनुसंधान एवं कौशल उन्नयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण पुलिस कंट्रोल रूम नर्मदा पुरम में आयोजित किया गया । पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में डीएसपी महिला सुरक्षा द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में समस्त थाना प्रभारी, ऊर्जा महिला डेस्क संचालिका को प्रशिक्षित किया गया । प्रशिक्षण के दौरान माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती आरती शुक्ला द्वारा महिला अपराधों के अनुसंधान के दौरान होने वाली त्रुटियों और आरोपियों के दोषमुक्त होने के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया । एडीपीओ विक्रम चौधरी द्वारा महिला अपराधों एवं पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज अपराधों में समुचित धाराओं का समावेश, एसडीओपी सोहागपुर मदन मोहन समर के द्वारा महिला अपराधों के निराकरण एवं उनकी गुणवत्तापूर्ण विवेचना और समय अवधि में चालान तैयार कर न्यायालय मे प्रस्तुत करने के संबंध में बताया गया । महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी डीएसपी नीलम बघेल के द्वारा महिला ऊर्जा डेस्क के दायित्व, ऊर्जा डेस्क का बेहतर संचालन, रेफरल फार्म आदि के बारे में बताया गया । साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुरेश फरकले द्वारा ऑनलाइन जॉब धोखाधड़ी इंस्टाग्राम फेसबुक आईडी को हैक करने आदि में त्वरित कार्यवाही के बारे में बताया गया ।

# आवास प्लस का आवंटन अति शीघ्र प्रदान करने बाबत मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौप

दमोह जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस के आवंटन को अति शीघ्र प्रदान करने बाबत मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर दमोह को ज्ञापन दिया गया, जिसमें कहा गया जबेरा जनपद और तेंदूखेड़ा जनपद दोनों को मिलाकर 20000 हितग्राहियों का नाम आवास प्लस की सूची में है लेकिन आवंटन नहीं मिलने के कारण हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है इसी मांग को लेकर के जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जबेरा सुजान सिंह के नेतृत्व में जनपद सदस्य एवं सरपंचों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें सरपंच झरोली। देवी सिंह सरपंच कलहरा विपिन जैन सरपंच प्रवाहा किशोर सिंह जी सरपंच हरदुआ सड़क मिट्ठू लाल सेन सरपंच अहिरवार उपसरपंच,लरगुवा जनपद सदस्य देवेंद्र अहिरवार जनपद सदस्य जगत सिंह जनपद सदस्य भुजबल सिंह पंच गोपाल सिंह समाजसेवी महेश गुप्ता जी की उपस्थिति रही


### कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के जन्मदिन पर

# नपा अध्यक्ष ने लड्डुओं से तौला, जगह-जगह स्वागत



रायसेन। सांची विधानसभा क्षेत्र के लाडले विधायक विकास पुरुष मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया नगर एवं ग्रामीण स्तर पर सैकड़ो स्थान पर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया। श्री राम परिसर में जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सांची विधानसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपने लाडले विधायक मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी का पुष्पमाला एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं समस्त कार्यकर्ताओं के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया। वहीं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सविता जमुना सेन द्वारा नगर पालिका कार्यालय के पास मंत्री जी को लड्डुओं से तोला है एवं नगर पालिका द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रम में भी कैबिनेट मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी सम्मिलित हुए। बधाई देने वालों में जिला पंचायत के अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती सविता जमुना सेन मध्य प्रदेश नगर परिषद के अध्यक्ष जमना सेन धीरेंद्र कुशवाहा बंटी महेश्वरी पप्पू कुशवाहा दातार सिंह मनोज अग्रवाल बृजेश चतुर्वेदी अशोक सोनी ओम प्रकाश सोनी कृष्ण रघुवंशी महेश लोधी नूतन कुशवाहा मनोज यादव सांची विधानसभा मंडल सांची मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा मंडल प्रभारी वीर सिंह पटेल अनुसूचित जाति मोर्चा बाबूलाल अहिरवार युवा मोर्चा संदीप मीणा किसान मोर्चा मनोज अग्रवाल पिछड़ा वर्ग मोर्चा टीकाराम पाल महिला मोर्चा श्रीमती सुशीला अहिरवार अल्पसंख्यक मोर्चा फैसल खान। खरवाई मंडल अध्यक्ष लीला किशन मीणा मंडल प्रभारी राकेश तोमर अनुसूचित जाति मोर्चा गंगाराम अहिरवार युवा मोर्चा कृष्ण मोहन बघेल किसान मोर्चा पुष्कर सिंगरौली पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजेंद्र यादव महिला मोर्चा श्रीमती सुशील आदिवासी अल्पसंख्यक मोर्चा बिलाल खान रायसेन मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा मंडल प्रभारी धीरेन सिंह कुशवाहा अनुसूचित जाति मोर्चा अजय जाटव युवा मोर्चा शुभम रावत किसान मोर्चा विक्रम सिंह जादौन पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक सिंह राठौड़ महिला मोर्चा श्रीमती हेमलता रघुवंशी अल्पसंख्यक मोर्चा उमर खान लाला। सचेत मंडल मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल मंडल प्रभारी बृजेश चतुर्वेदी अनुसूचित जाति मोर्चा बृजेश अहिरवार युवा मोर्चा विनोद लोधी किसान मोर्चा लखन सिंह पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा कालूराम विश्वकर्मा महिला मोर्चा श्रीमती कांता शर्मा अल्पसंख्यक मोर्चा हसीन खान। देह गांव मंडल अध्यक्ष अमन सक्सैना मंडल प्रभारी प्रकाश पटिया अनुसूचित जाति मोर्चा अखिलेश मेहरा युवा मोर्चा दीपक लोधी किसान मोर्चा नरेंद्र सिंह दांगी पिछड़ा वर्ग मोर्चा निशांत सिंह साहू महिला मोर्चा श्रीमती शांति आदिवासी अल्पसंख्यक मोर्चा आजम पटेल। गैरतगंज मंडल अध्यक्ष संजय जैन मंडल प्रभारी दातार सिंह मीणा अनुसूचित जाति मोर्चा अजब सिंह अहिरवार युवा मोर्चा हेमंत धाकड़ किसान मोर्चा नितेश यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा नितेश राय महिला मोर्चा श्रीमती माया साहू अल्पसंख्यक मोर्चा लतीफ भाई सहित भाजपा के समस्त सांची विधानसभा के कार्यकर्ता शामिल है।

# 2 लाख का संजीवनी अस्पताल बनने से पहले होने लगा बीमार आँखे बंद कर बैठे है जिम्मेदार



ओबैदुल्लागंज ।नगर परिषद के वार्ड 10 अर्जुन नगर के गांधी पार्क मे 22 लाख रुपये की लागत से बन रहा संजीवनी स्वास्थ्य केंद्र लोगों को लाभ देने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। वही नगर के जागरूक नागरिकों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने की बात कही। जागरूक नागरिक ने बताया कि खुशी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार द्वारा निर्माण में भसुआ मिट्टी मिली घटिया रेत, एवं घटिया गिट्टी जीरा मिक्स का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि टेंडर में साफ दर्शाया गया है कि सीमेंट,रेत, गिट्टी अच्छी क्वालिटी का सरिया लगाया जाना है। लेकिन निर्माण कार्य मे अमानक स्तर का मटेरियल उपयोग किया जा रहा है। वार्ड 10 गांधी पार्क अर्जुन नगर में निर्माण हो रहे संजीवनी अस्पताल बहुत ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाएगा। संजीवनी अस्पताल निर्माण के लिए नगर परिषद ओबेदुल्लागंज ने 22 लाख रुपये का ठेका दिया है, लेकिन बावजूद ठेकेदारों द्वारा घटिया सामग्री से संजीवनी अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। घटिया सामग्री से निर्माण कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जब इस संबंध में नगर परिषद के इंजीनियर से बात की गई और मौके पर बुलाकर मटेरियल दिखाया गया उन्होंने कहा बिल्डिंग मटेरियल सब ठीक है। जबकि रेत में स्पष्ट तौर से मिट्टी दिखाई दे रही वही गिट्टी में जीरा मिक्स दिखाई दें रहा है।

# 7 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमित सांघी ने 7 फरार आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। फरार आरोपी लखन पिता झल्लू आदिवासी निवासी ठर्रीपुरवा, जूजन उर्फ माया पति अमर सिंह यादव, भूरा उर्फ देवी सिंह पिता अमर सिंह यादव, विक्रम पिता अमर सिंह यादव तीनों निवासी ग्राम पाली बक्स्वाहा, गोलू उर्फ सुम्मेर सिंह पिता अमर सिंह यादव, प्रतिपाल पिता नन्नेलाल यादव दोनों निवासी ग्राम कैरो पर 2-2 हजार रुपये और करन पिता छत्रसाल बसोर उम्र 20 साल निवासी टौरिया मोहल्ला छतरपुर पर 3 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

# श्रमोदय आईटीआई में प्रवेश हेतु करें आवेदन

छतरपुर। श्रम पदाधिकारी छतरपुर ने बताया कि श्रमोदय आईटीआई में मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक या उनके परिवार के सदस्यों के लिए 14 जुलाई से श्रमोदय आई.टी.आई. में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट 222.स्र्ह्यश्च.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर कर सकते है।

# पथरिया विस क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर भोपाल मे भूपेंद्र सिंह एवं कमल पटेल से की मुलाकात विधायक रामबाई ने



दमोह जिले की पथरिया विधानसभा से विधायक रामबाई गोविंद सिंह द्वारा भोपाल में अपनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह से मुलाकात कर पथरिया नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्य व बटियागढ़ में नई नगर पंचायत के गठन हेतु चर्चा की गई जिस पर मंत्री भूपेंद्र सिंह कहा कि पथरिया नगर परिषद में विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी एवं शीघ्र ही बटियागढ़ में नई नगर पंचायत के गठन की घोषणा राज्य शासन द्वारा की जावेगी इस अवसर पर पथरिया विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कें मंडी बोर्ड से स्वीकृत होने पर विधायक रामबाई सिंह द्वारा कमल पटेल मंत्री कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र के 80 से अधिक ग्रामों को जोड़ने वाली लगभग 125 किलोमीटर की लंबाई की सड़कों के निर्माण के संबंध में मंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया इस दौरान विधायक रामबाई सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र में किसानों के कल्याण हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर युवा नेता जसवंत सिंह परिहार, करण अंगद पटेल, जितेंद्र सिंह चौहान राहुल रैकवार अध्यक्ष रैकवार महासभा एवं दिग्विजय पटेल निज सहायक विधायक पथरिया की उपस्थिति रही । विधायक द्वारा मंत्री द्वय का विकास कार्य हेतु राशि स्वीकृत किए जाने पर आभार व्यक्त किया ।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज सिंह ने किया बच्चों से संवाद

बैरसिया।। शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज सिंह जनपद पंचायत बैरसिया सभागार में सरपंच महिलाओं से संवाद किया। इस के बाद ग्राम पंचायत मेंगराकला में निजी नंदन फलोद्यान हितग्राही विनय पटेल कृषि फार्म पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैरसिया दिलीप कुमार जैन ने पौधारोपण किया इसके तत्पश्चात ग्राम पंचायत मेंगराकला के हाई स्कूल पहुंचे जहां बच्चों से संवाद किया स्कूल के बच्चो ने मेंगरा कला में 12 वी तक स्कूल तक करवाने की मांग भी की गई।


**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर, भदभदा रोड, भोपाल

क्रमांक/563/तशा/मप्रपुहाका/पर्य/सागर/2023 दिनांक : 14.07.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_291349_1 दिनांक 24.07.2023 समय 17:00 बजे तक खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/110844/2023 परियोजना यंत्री


# अभावों में जी रहा सत्यम अब शिवपुरी में सक्षम परिवार में पलेगा

## पिता कुंजबिहारी अग्रवाल का हादसे में हो गया था

छतरपुर।। हादसे में जान गंवाने वाले कुंजबिहारी अग्रवाल का छोटा बेटा सत्यम अब अभाव की जिंदगी नहीं जिएगा। शिवपुरी के एक सक्षम गोयल परिवार ने उसकी शिक्षा-दीक्षा से लेकर परवरिश तक की पूरी जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लेकर उसे अपना लिया है। सटई रोड स्थित छुई खदान इलाके में रहने वाले कुंजबिहारी अग्रवाल का कुछ दिन पहले एक हादसे में निधन हो गया था। वे अपने पीछे पत्नी रेखा और 4 बच्चों को छोड़ गए थे। परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर समाज के लोगों की मदद से इस परिवार की जीविका चल रही है।

अभावों में जी रहे बच्चों की जानकारी मिलने पर शिवपुरी की निधि और उनके व्यापारी पति शिशिर गोयल ने रेखा के एक साल के बेटे की परवरिश की मंशा जताई थी। अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों ने इस बारे में दिवंगत कुंजबिहारी अग्रवाल की पत्नी रेखा से चर्चा की जिससे वे बेटे के बेहतर भविष्य की सोच कर अपने सालभर के जिगर के टुकड़े सत्यम को गोयल परिवार की परवरिश में देने को सहमत हो गईं। दोनों पक्षों में सहमति बनने के बाद शुक्रवार की दोपहर सरानी दरवाजा बाहर स्थित माता महालक्ष्मी मंदिर में अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों की मौजूदगी में रेखा ने भरे मन से अपने बेटे सत्यम को माता महालक्ष्मी के समक्ष निधि शिशिर गोयल को सौंप दिया। निधि का मायका छतरपुर में ही है उन्हें केवल दो बेटियां हैं अब सत्यम भी उनका बेटा बनकर परिवार का हिस्सा हो गया है।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
CONTROLLER OF BUILDING VIDHAN SABHA,
CAPITAL DIVISION NO.3 PWD
E-5 ARERA COLONY BHOPAL – 0755-2463894

**TENDER NOTICE**

The Tenders are invited from registerded contractors in class "c" and above under centralized registration system of PWD having valid registration and Authorized dealer as mentioned in the column of category of contractors for the following works.

| S. NO | NIT NO. | NAME OF WORK | 1. PROBABLE AMOUNT OF CONTRACT 2. EARNEST MONEY | 1. DATE AND TIME OF PURCHASE OF BLANCK TEDER FORM | COST OF TENDER FORM | 1. DATE OF RECEICPT OF TENDER 2.OFFICE ADDRESS. | 1. DATE OF TENDER OPENING 2.OFFICE ADDRESS | 1. TIME PERIOD 2. CATEGORY OF CONTRACTORS 3. NO. OF CALL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 58/SAC/ 23-24 DT 11.7.2023 | AR work for upgradation of Garden Lawn and renovation of planters and sewerline etc at open Gym side lower area of park infront of old family Block MLA Rest House Bhopal | (1) ₹ 9,70,865.00 (2) ₹ 19,417.00 | (1) 17.7.2023 (2) 5.30 | ₹2000.00 | (1) 20.7.2023 up to 3.00 PM (2) OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER CONTROLLER OF BUILDING VIDHAN SABHA CAPITAL DIVISIN NO.3 PWD BHOPAL | (1) 21.7.2023 at 3.30 PM (2) OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER CONTROLLER OF BUILDING VIDHAN SABHA CAPITAL DIVISIN NO.3 PWD BHOPAL | (1) 03 MONTHS. (2) CONTRACTOR IN PWD UNDER CENTRALIZED SINGLE REGISTRATION SYSTEM. (3) 1ST CALL |
| 2. | 59/SAC/ 23-24 DT 11.7.2023 | AR work for different civil maintenance work at Block No.3 old family block NPP Block, ABC and VIP Guest House etc Bhopal. | (1) ₹ 9,50,000.00 (2) ₹ 19,000.00 | —DO— | ₹2000.00 | —DO— | —DO— | 1) 03 MONTHS. (2) CONTRACTOR IN PWD UNDER CENTRALIZED SINGLE REGISTRATION SYSTEM. (3) 1ST CALL |
| 3. | 60/SAC/ 23-24 DT 11.7.2023 | AR work for up gradation, strengthening and shifting of Garden Nursery area near gate No .2 at Vidhan Sabha Bhawan Bhopal. | (1) ₹ 9,81,240.00 (2) ₹ 19,625.00 | —DO— | ₹2000.00 | DO | —DO— | (1) 03 MONTHS. (2) do (3) —do— |
| 4. | 61/SAC/ 23-24 DT 11.7.2023 | AR work for repairing and development of Gunman waiting place at Hon'ble VVIP (Minister and MLA's) near Gate No.1 outer side at Vidhan Sabha campus Bhopal. | (1) ₹ 9,72,272.00 (2) ₹ 19445.00 | —DO— | ₹2000.00 | —DO— | —DO— | (1) 03 MONTHS. (2) —do— (3) —do— |

(1) Blank tender form can be obtained on payment of non refundable cost shown above from the office of the undersigned during office hours.(2) Validity of the tender will be 120 days from the date of opening of tender (3) In case of holiday the tender shall be received/ opened in the next working day. (4) The mandatory documents such as (i) REGISTRATION IN MP PWD IN APPROPRIATE CLASS (ii) PAN CARD (iii) NO RELATIONSHIP CERTIFICATE (iv) GOODS AND SERVICE TAX REGISTRATION NUMBER (v) AFFIDAVIT AS PER DETAIL NIT (vi) EPF REGISTRATION CERTIFICATE (5) If the contractor fails to submit the above mandatory documents tender form will not be opened.

G-16567-23

EXECUTIVE ENGINEER
CONTROLLER OF BUILDING VIDHAN SABHA
PUBLIC WORKS DEPARTMENT BHOPAL (M.P.)
0755-2463894


# जीव मैत्री परिवार और पर्यावरण प्रेमियों ने गोल्ड कॉम्पलेक्स परिसर में हुई पेड़ों की कटाई और पक्षियों की मौत पर दिया धरना

## दर्जनों संस्थाओं और शहरवासियों ने दिया समर्थन



रतलाम । अपने अंडों और बच्चों की लाशों पर दर्द से चीखते पक्षी। जिनके पंख तक नहीं निकले ऐसी असंख्य मरे हुए बच्चे। कहीं घायल, कहीं खून रिसते बगूले, तो कोई गिलहरी, कोई तोते तो कोई चिड़िया। जमीन पर नीम, पीपल, बेलपत्र, गुलमोहर आदि के पेड़ ही नहीं बल्कि इंसानियत और हमारी संवेदना भी धराशायी हुई थी। विकास सतत प्रक्रिया है, जिसकी आवश्यक्ता हर शहर को है, लेकिन ये विकास शमशान बनाकर नहीं हो सकता। हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए साफ हवा और पानी ही नहीं रहेगा तो विकास बेमतलब होगा। रतलाम जाग गया है और पर्यावरण के लिए हम आगे भी लड़ाई जारी रखेंगे।

यह बातें जीव मैत्री परिवार और समस्त पर्यावरण प्रेमियों के बैनर तले शुक्रवार को आयोजित धरना प्रदर्शन में कही गई। जीव मैत्री परिवार के आव्हान पर नगर निगम के सामने सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक धरना आयोजित किया गया। इसमें पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक चौटाला, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष झमक भरगट, पूर्व विधायक पारस सकलेचा, जवाहर व्यायाम शाला के मयंक जाट, पर्यावरण प्रेमी व अधिवक्ता अदिति दवेसर, सनातन धर्म सभा से प्रेमलता दवे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, वरिष्ठ चिंतक विष्णु बैरागी, पर्यावरण डाईजेस्ट के संपादक खुशालसिंह पुरोहित, हिंदु जागरण मंच के राजेश कटारिया सहित दर्जनभर संस्थाओं से आए पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। सभी ने एक स्वर में पर्यावरण के दोहन, मूक पशु-पक्षियों की मौत और पेड़ों की कटाई का विरोध जताया। साथ ही कहा कि किसी भी विकास परियोजना का विरोध नहीं है, लेकिन विकास के साथ पर्यावरण का ध्यान अत्यावश्यक है। कई लोगों ने कहा कि वर्षाऋतु में काटे गए पेड़ों से मरे पक्षियों का दर्द और उस दिन नजारा रौंगटे खड़े करने वाला था।

## इन्होंने भी विचार रखे, दिया समर्थन

इस दौरान दीपक कटारिया, सुमित सुराणा, प्रकाश लोढ़ा, अमित लुनावत, विशाल डांगी, प्रितेश गादिया, अरुण चौरडिया, रुपेश नागौरी, अंतिम लोढ़ा, विनय लोढ़ा, आशीष राणावत, कीर्ति बडज़ात्या, हेमंत संघवी, जय लुणिया, मनीष पटवा, आकाश कोठारी, शंकर मोदी, महेंद्र अग्रवाल, धमेंद्र मंडवारिया, राजेश मूणत, रखब चत्तर, विनोद बाफना, उमरावमल पुरोहित, मदन सोनी, सुजीत उपाध्याय, यश सोलंकी, विशाल उपाध्याय, राजीव रावत, दिलीप भंसाली, अदिति मिश्रा, शिल्पा जोशी, सीए आचल मूणत, विशाल कांसवा, विजय लुनिया, तुषार संघवी, योगेंद्र जैन, सोनू व्यास, पंकज मेहता, अश्विनी शर्मा, विकास जैन, जितेंद्र सिंह सोलंकी, अभिषेक लोढ़ा, मनीष मालपानी, अजय सोनी, अनूप चोरडिया, पंकज मूणत, पियूष भटेवरा, दीपक पांचाल, विपिन बोहरा, हितेश पारख, कमल मल्हारा, कीर्ति जैन, पंकज पटवा, विनोद बाफना, सौरभ बोथरा, लोकेश मेहता, सौरभ छाजेड़, प्रितेश जैन, महावीर जैन, मनीष मालपानी, अजय सोनी, मनीष सोनी, मुकेश बम्बोरी, निखिल गांधी एवं जीव मैत्री परिवार सहित जीव प्रेमी मौजूद थे। संचालन जीव मैत्री परिवार के अमृत जैन ने किया। आभार प्रकाश लोढ़ा ने माना।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न नागरिकों, पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ स्मार्ट उद्यान में पौधे लगाए। छिंदवाड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता आज पौधरोपण में शामिल हुए। इनमें सुश्री प्रीति बिसेन, रुकमणी सिंह और सुश्री कामिनी शाह शामिल हैं। इसके साथ ही किसान मोर्चा के अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी भी आज मुख्यमंत्री के साथ पौधरोपण में शामिल हुए।

# पटवारी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी पर कांग्रेस का प्रदर्शन



भोपाल। पटवारी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर भोपाल में कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस नेता सीएम हाउस का घेराव करने के लिए निकले हैं। कार्यकर्ता पहले रोशनपुरा चौराहे पर जुटे। यहां से भारतीय जनता पार्टी और कर्मचारी चयन मंडल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। सीएम हाउस की सिक्योरिटी पुलिस ने बढ़ा दी है। वॉटर कैनन का यूज कर कार्यकर्ताओं को पीछे हटाया गया है।

पटवारी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप में परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर ष्टरूहाउस का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बाणगंगा चौराहा पर रोक लिया। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तोड़कर जब आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने वॉटर कैनन चलाकर उन्हें खदेड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ता के सिर में चोट आई है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन पर गुंडागर्दी के आरोप लगाए हैं।

## मध्यप्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत होगीः उमा भारती




सीहोर। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शनिवार को अचानक सीहोर स्थित प्राचीन श्री गणेश मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने पूजा अर्चना की उसके बाद मीडिया से भी चर्चा की। उमा भारती ने अपने बयान में स्पष्ट तौर पर कहा है कि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा इसका जवाब जगत प्रसाद नड्डा देंगे, उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत होगी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि व्यापम श्री मामले में सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। सीहोर के एक निजी विद्यालय में बच्चों को तिलक लगाने और हाथ में कलावा बांधने से रोकने के मामले में उन्होंने कहा कि यह निजता का मामला है इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होना चाहिए। उमा भारती ने कहा कि उनके यहां जो भी आता है उसे आशीर्वाद मिलता है शिवराज जी हो या जो भी आए वह खाली हाथ नहीं जाता है।

## टाटा से स्नैपडील तक, 80 कंपनियां आईपीओ की रेस में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस, स्नैपडील, टाटा टेक्नोलॉजीज, नेटवेब टेक्नोलॉजीज और गो डिजिट इंश्योरेंस समेत 80 कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। ब्रोकरेज कंपनी आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। कंपनी के अध्यक्ष निपुण गोयल ने कहा कि पिछले तीन महीनों से आईपीओ बाजार में तेजी देखी जा रही है। इसकी शुरुआत मैनकाइंड फार्मा के साथ हुई। कंपनी के 4,326 करोड़ रुपये के आईपीओ के साथ पूंजी बाजार में दस्तक दी। इसे निवेशकों ने हाथों-हाथ लिया। सूचीबद्ध होने के बाद इसका प्रदर्शन बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि तब से पांच और आईपीओ आ चुके हैं। अगले चार-आठ सप्ताह में कई आईपीओ आने की उम्मीद है। गोयल ने कहा, आज की तारीख तक, लगभग 80 कंपनियों ने आईपीओ के लिये पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास पेशकश दस्तावेज का मसौदा जमा किये हैं। हमें उम्मीद है कि उनमें से कई अगले कुछ महीनों में बाजार में आएंगे। इन कंपनियों में इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस, स्नैपडील, टाटा टेक्नोलॉजीज, नेटवेब टेक्नोलॉजीज और गो डिजिट इंश्योरेंस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि फाइनेंशियल सर्विसेज, स्वास्थ्य और मैन्युफैक्चरिंग सहित कई क्षेत्रों में पूंजी जुटाने का दायरा व्यापक होने की संभावना है।

## प्रवेग ने अहमदाबाद, गुजरात में एक नएफाइव-स्टार होटल के लिए करार पर हस्ताक्षर किया

मुंबई, एजेंसी। भारत की प्रमुख हॉस्पिटलिटी कंपनी, प्रवेग लिमिटेड वर्ल्ड हेरिटेज सिटी,अहमदाबाद में एक लग्जरी फाइव-स्टार होटल के साथ आ रही है । होटल सिंधु भवन रोड पर हर चीज,कार्य, मनोरंजन, वैलनेस,सेलिब्रेशन के निकट स्थित होगा ।गुजरात की लीजेंडरी हॉस्पिटलिटी को प्रदर्शित करते हुए होटल में सुंदर सिटी व्यू औरआलीशान सुविधाओं के साथ 76 कमरे होंगे, जैसे विशाल पूल, ओपन स्काई डायनिंग, सामाजिक कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया मेडिटेशन रूम,स्विमिंगपूलआदि जैसी ढेरों सुविधाएं होंगी ।सेलिब्रेशन के संक्षिप्त संग्रह में होटल सामाजिक कार्यों के लिए विशिष्ट सुविधाएं ऑफर करने के साथ डेस्टिनेशन वेडिंग सुविधाएं जैसेअवसरके अनुसारव्यवस्थाएंखूबसूरत वेंकट्स, जो 1200 मेहमानों की मेजबानी कर सकते हैं, स्पेशलदुल्हन रूम और जकूजी सहितहनीमून सुट की सुविधाएं भी ऑफर करेगा । होटल1000-1200प्रतिनिधियों तक के लिए बिजनेस इवेंट /कान्फ्रेंस सुविधाओं के साथ सुसज्जित होगा । स्थान के विशेष सेंस औरविशिष्ट हॉस्पिटल्टीके साथपरंपराओं का पालन करने के लिए विख्यात शहर में प्रवेग का नया होटल एकमात्र शुद्ध शाकाहारी होटल होगा ।

## एसडीएम कोर्ट के बाहर हथियार लेकर घूम रहे 8 लोग गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

सीहोर। जिले के इछावर में इछावर एसडीएम कोर्ट के पास हथियार लेकर घूम रहे 8 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पकड़े गए लोगों के पास से हथियार भी जप्त किए गए हैं मामला कल शाम का बताया जा रहा है कि इछावर थाना पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है

जानकारी के अनुसार इछावर पुलिस ने तहसील कार्यालय परिसर से अबैध हथियारों से लेस आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह आरोपी एसडीएम कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराने आई एक विवाहित महिला के साथ आएं थे। दरअसल उक्त महिला और उसके पति के बीच अनबन चल रही थी इसी बीच महिला बिना बताएं अपनी ससुराल से गायब हो गई , इस पर महिला के पति ने महिला का सर्च वारंट जारी कराया था । इसी मामले में महिला अपना बयान दर्ज कराने आरोपी परिजनों के साथ इछावर एसडीएम कोर्ट पहुंची थी , जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा , चार कारतूस , फर्से आदि हथियार भी जब्त किए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार राजगढ़ जिले में रहने वाली लड़की का विवाह इछावर के ग्राम पांगरी में एक युवक के साथ हुआ था लेकिन कुछ दिन रहने के बाद लड़की अपने मायके चली गई थी और उसके बाद वह ससुराल नहीं आई थी इसी बीच पांग्री निवासी उसके ससुराल वालों ने सर्च वारंट जारी कराया था जिसमें बयान देने के लिए लड़की इछावर की एसडीएम कोर्ट पहुंची थी जिसमें लड़की के पक्ष के लोग राजगढ़ से हथियार लेकर एसडीएम कोर्ट के बाहर खड़े हुए थे इसकी जानकारी एसडीएम को लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी और पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।



ग्राम रामपुरिया ब्यावरा निवासी रामनिवास मीणा, ग्राम चारखेड़ी कालापीपल निवासी सर्जन मीना, ग्राम लसूडिया भामा नरसिंहगढ़ निवासी अनिल मीणा, ग्राम रामपुरिया निवासी अतुल मीणा , ग्राम अमतपुरा ब्यावरा निवासी पर्वत सिंह मीणा, ग्राम अमरपुरा निवासी सुनील मीणा इसी ग्राम के सुकेश मीणा, चिंटू मीना शामिल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनिवास मीणा के पास से रिवाल्वर और चार कारतूस बरामद किए गए वही सर्जन मीना के पास से दो फरसे बरामद हुए हैं।

## बायजू के मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव, अब एडवाइजरी काउंसिल देगी कंपनी को सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडुटेक स्टार्टअप बायजू के मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव हुआ है। कंपनी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार के अलावा इंफोसिस के बोर्ड सदस्य टीवी मोहनदास पई सलाहकार परिषद में शामिल होंगे। ये नई नियुक्तियां बायजू के तीन प्रमुख निवेशक- पीक एक्सवी पार्टनर्स, प्रोसस और चैन जुकरबर्ग इनिशिएटिव के बोर्ड से इस्तीफा देने के बाद हुई है। कंपनी के मुताबिक रजनीश कुमार और टीवी मोहनदास पई ने कंपनी की नवगठित सलाहकार परिषद में शामिल होने के उनके निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। यह परिषद कंपनी के भविष्य को आकार देने वाले महत्वपूर्ण मामलों पर कंपनी के बोर्ड और सीईओ रवींद्रन को सलाह देने का काम करेगी। टीवी मोहनदास पई की फर्म आरिन कैपिटल - प्रोप्राइटरी वेंचर फंड, बायजू के निवेशकों में से एक है। पई एडुटेक स्टार्टअप बायजू के शुरुआती समर्थकों में से एक थे। इसके अलावा बायजू ने अपग्रेड के पूर्व प्रमुख अर्जुन मोहन को अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। पीटीआई की खबर के मुताबिक बायजू रवींद्रन समूह के सीईओ बने रहेंगे और मृणाल मोहित भारतीय कारोबार के प्रमुख बने रहेंगे।

# टेस्ला कारों के आयात पर छूट देने के किसी प्लान पर नहीं हो रहा विचार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजार में टेस्ला की ओर से अपनी सस्ती मॉडल 3 कार बेचने की खबरों के बीच राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बड़ा बयान दिया है। एक समाचार एजेंसी से बातचीत में वित्त मंत्रालय का रुख साफ करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि भारत अमेरिकी ऑटोमेकर के लिए किसी भी शुल्क छूट पर फिलहाल विचार नहीं कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि जल्द ही टेस्ला भारत में अपनी सबसे सस्ती मॉडल 3 कार लॉन्च कर सकती है जिसकी कीमत यहां 20 लाख रुपये के आसपास हो सकती है। पिछले महीने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार निर्माता को देश में ÷महत्वपूर्ण निवेश÷ करने के लिए प्रेरित किया है। इसके बाद से टेस्ला की ओर से भारतीय बाजार के लिए अपने अभियान की घोषणा की उम्मीद की जा रही थी। बता दें कि पूर्व में, अमेरिकी कार निर्माता ने भारत सरकार से अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात के लिए सीमा शुल्क में छूट देने की मांग की थी जिसे भारत ने खारिज कर दिया था। राजस्व सचिव ने साफ किया कि टेस्ला को ड्यूटी में में छूट देने की किसी भी योजना पर फिलहाल राजस्व विभाग कोई विचार नहीं किया जा रहा है।

हालांकि बाजार के जानकारों का मानना भारतीय बाजार में 20 लाख रुपये के रेंज में टेस्ला कारों का बिकना बिना सरकार की ओर से इंपोर्ट ड्यूटी में छूट मिले दूर की कौड़ी है। पूरी दुनिया में टेस्ला के कार लगभग एक ही कीमत पर बिकते हैं। इसके सबसे सस्ते मॉडल टेस्ला मॉडल 3 की कीमत 40,240 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 33 लाख रुपये है। भारत में इस कार को आयात करने में इसपर 100 फीसदी आयात कर चुकाना पड़ता है।

## 5000 इलेक्ट्रिक बस बनाने का मिला ऑर्डर, शेयरों की मच गई लूट, 17 प्रतिशत चढ़ा भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में आज यानी शुक्रवार को जेबीएम ऑटो की धूम मची हुई है। कंपनी ने कल यानी 13 जुलाई 2023 को शेयर बाजारों को बताया था कि उन्हें 5000 इलेक्ट्रिक बस बनाने का ऑर्डर मिला है। इस खबर के बाहर आने की देरी थी। जेबीएम ऑटो के शेयर पर निवेशक शुक्रवार की सुबह टूट पड़े। जिसके बाद कंपनी के शेयर 17.71 प्रतिशत तक चढ़ गए थे। बता दें, सुबह 10 बजे के करीब कंपनी के शेयर 11.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 1470.10 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार कंपनी गुजरात, दिल्ली, तेलंगाना, उड़ीसा जैसे राज्यों को इलेक्ट्रिक बस सप्लाई करेगी। कंपनी ने बताया है कि सिटी बस, स्टॉफ बस, टर्मक कोच आदि इस ऑर्डर के जरिए सप्लाई किए जाएंगे। इनी लम्बाई 9 मीटर से 12 मीटर तक की है।

### निवेशकों के पिछला एक साल कैसा रहा

पिछले एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 57 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, महज 6 महीने पहले जेबीएम ऑटो का शेयर खरीद कर होल्ड करने वाले निवेशकों का पैसा अबतक 166 प्रतिशत बढ़ चुका है। बीते एक साल में इस इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी के शेयरों की कीमतों में 235 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है।

## एजुकेट गर्ल्स ने बालिका शिक्षा के प्रसार के लिए 320 गांवों में चलाया 'शिक्षा जागरूकता रथ'

भोपाल। मध्य प्रदेश में बालिका शिक्षा के लिए कार्य कर रही गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स ने राज्य के चार जिलों धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर में बालिका शिक्षा के प्रति समुदायों को जागरूक करने के लिए 'शिक्षा जागरूकता रथ' चलाया। एजुकेट गर्ल्स ने ये शिक्षा रथ इन 4 जिलों के 320 गांवों में 15 दिनों तक चलाया। शिक्षा रथ का शुभारंभ 16 जून को धार, झाबुआ, बड़वानी तथा अलीराजपुर के जिला कलेक्टरों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया था। एजुकेट गर्ल्स संस्था हर बालिका की शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ मध्य प्रदेश के धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर जिले में 2016 से कार्य कर रही है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी एजुकेट गर्ल्स मध्य प्रदेश के धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर जिले में नामांकन अभियान चला रही है। नामांकन अभियान की इसी कड़ी में समुदाय को बालिका शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक करने के लिए संस्था ने 16 जून से नवाचार के रूप में ''शिक्षा रथ'' को इन 4 जिलों के गांवों में रवाना किया था। एजुकेट गर्ल्स का ये शिक्षा रथ करीब 15 दिनों तक धार, झाबुआ, बड़वानी और अलीराजपुर के 320 से भी अधिक गांवों में घूम-घूमकर समुदायों को जागरूक करता रहा। 'शिक्षा रथ' जिस भी गांव में जाता, वहां संस्था के कार्मिक नुक्कड़-नाटक, जागरूकता रैली और मोहल्ला बैठकों के जरिए समुदायों को बालिका शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते थे।

## एक और डिफेंस कंपनी का कमाल, 50 का शेयर 500 के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में इस कई डिफेंस स्टॉक गदर काट रहे हैं। इन्हीं में से एक जेन टेक्नोलॉजीज भी है। पिछले 3 साल के दौरान इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 1038 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 13 जुलाई 2020 को कंपनी के एक शेयर की कीमत 51.70 रुपये थी। जोकि अब (13 जुलाई 2023) बढ़कर 588.85 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। 3 साल पहले जिस किसी निवेशक ने जेन टेक्नोलॉजीज कंपनी के 1 लाख रुपये के शेयर खरीदे होंगे उन्हें अबतक होल्ड करने पर 11.38 लाख रुपये मिल गए होंगे। बीते 3 साल में सेंसेक्स महज 79.82 प्रतिशत की बढ़त हासिल करने में ही सफल रहा है। बता दें, जेन टेक्नोलॉजीज का मार्केट कैप 4681.95 करोड़ रुपये का है।

## ट्विटर ने की ऐड रेवन्यू शेयरिंग प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा, यूजर को मिलेगा पैसे कमाने का



**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइक्रोब्लॉगिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के यूजर के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, ट्विटर अपने क्रिएटर्स के साथ रेवन्यू (आय) साझा करने की तैयारी में है। सोशल मीडिया दिग्गज ट्विटर ने बहुत जल्द ऐड रेवन्यू शेयरिंग प्रोग्राम लॉन्च करने की घोषणा की है। हालांकि, मुद्रीकरण के लिए योग्यताएं काफी चुनौतीपूर्ण होंगी। इससे अधिकांश यूजर पैसे कमाने की दौड़ से बाहर हो सकते हैं। ट्विटर ने एक ट्वीट के जरिए यह जानकारी दी है। ट्विटर ने लिखा, अद्भुत! हम राजस्व साझा करने के लिए तैयार हैं। आपको बहुत जल्द अपना हिस्सा मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए अपना ईमेल चेक करें। वहीं, वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने ट्वीट किया, बड़ी घोषणा ट्विटर क्रिएटर्स के साथ राजस्व साझा करने का प्रोग्राम शुरू कर रहा है।

आपको बता दें कि पिछले महीने ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने घोषणा की थी कि जल्द ही ट्विटर पर ब्लू टिक वाले यूजर्स अपने ट्वीट के साथ में अन्य सत्यापित उपयोगकर्ताओं को दिखाए गए विज्ञापनों से होने वाली आय का हिस्सा पाने के लिए सक्षम होंगे। मस्क ने घोषणा की थी कि यह सुविधा कुछ हफ्तों में उपलब्ध होगा। इसलिए माना जा रहा है कि ट्विटर कभी भी इस प्रोग्राम की घोषणा कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ट्वीट के मुद्रीकरण के लिए जरूरी योग्यताएं अधिक होंगी। हालांकि, अभी ट्विटर ने इन शर्तों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। भारतीय यूजर्स के लिए ये शर्तें काफी कड़ी हो सकती हैं, क्योंकि बहुत कम सक्रिय ट्विटर यूजर्स इसे हासिल कर पाएंगे। ट्विटर पर अच्छी आय अर्जित करने के लिए

## बजाज अलियांज लाइफ ने बजाज लाइफ एसीई के साथ पेश की नई सेविंग स्कीम

**पुणे , एजेंसी।** प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज अनूठा सेविंग प्लान लॉन्च किया। बजाज अलियांज लाइफ एसीई एक नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, अर्ली इनकम लाइफ इंश्योरेंस प्लान है जो ग्राहकों को अपनी जरूरत के हिसाब से वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार नकदी प्रवाह को अनुकूलित करने के लिए बेहतर लचीलापन प्रदान करता है। पार्टिसिपेटिंग या सेविंग लाइफ इंश्योरेंस प्लान ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हैं क्योंकि यह सुरक्षा, नकदी और रिटर्न जैसी विशेषताएं देते हैं। बजाज अलियांज लाइफ की मौजूदा बचत योजनाएं न केवल इन सुविधाओं के साथ आती हैं, बल्कि कंपनी द्वारा नियमित रूप से घोषित उच्च रिटर्न और बोनस भी मिलता है। अपने नए सेविंग प्लान बजाज अलियांज लाइफ एसीई के साथ कंपनी ने अपनी सेविंग प्लान द्वारा दिए जाने वाले लाभों को और मजबूत किया है।बजाज अलियांज लाइफ एसीई उन सभी ग्राहकों के लिए बेहतर पसंद है जो अपने कई तरह के जीवन लक्ष्यों विभिन्न जीवन लक्ष्यों की योजना बनाने के लिए अपने आय प्रवाह को बनाने और नियंत्रित करने के इच्छुक हैं। इस प्रोडक्ट के माध्यम से ग्राहक अब आय का एक अतिरिक्त स्रोत बनाने के लिए या तो एकमुश्त बड़ी आय चुन सकते हैं या नियमित आय और एकमुश्त दोनों के संतुलन का आनंद ले सकते हैं। यह सारी सुविधाएं जीवन बीमा के अतिरिक्त है। पार्टिसिपेटिंग या सेविंग लाइफ इंश्योरेंस प्लान में आमतौर पर ग्राहकों को इस तरह का लचीलापन नहीं मिलता और न ही उन्हें अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अपनी आय प्रवाह को तय करने की पसंद मिल पाती है जो कि यहां मिल रही है। बजाज अलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरूण चुघ ने कहा, पारंपरिक बचत उत्पादों को ग्राहकों के लिए और अधिक फायदेमंद बनाने के लिए, मुझे पहली बार किसी पार्टीसिपेटिंग प्लान में उन्नत फ्लेक्सिबिलिटी को पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह सुविधा ग्राहकों को चुनने की शक्ति प्रदान करेगी। अपने वित्तीय लक्ष्य के आधार पर ग्राहक आय का स्तर चुन सकते हैं, वे कब और कितने समय के लिए आय चाहते हैं, और वे अपना नकदी प्रवाह कैसे चाहते हैं। यह पहले संभव नहीं था। हमारे लगातार पिछले प्रदर्शन से समर्थित यह फ्लेक्सिबिलिटी मुझे विश्वास दिलाती है कि हमारी नई बचत योजना का हमारे ग्राहकों के वित्तीय पोर्टफोलियो में एक मजबूत स्थान होगा।

## ऑनलाइन गेमिंगः28 प्रतिशत जीएसटी से हर साल 20000 करोड़ की कमाई, मल्होत्रा बोले- उद्योग 2-3 फीसदी दर से देता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी परिषद के ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी कर लगाने के फैसले से सरकार को हर साल 20,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई होगी। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन गेमिंग उद्योग फिलहाल सिर्फ 2-3 की फीसदी दर से जीएसटी का भुगतान कर रहा है। यह खानपान की वस्तुओं पर लगने वाले 5 फीसदी कर से भी कम है, जिसका उपभोग आम आदमी करता है।

मल्होत्रा ने जीएसटी परिषद के एक सदस्य के हवाले से कहा, ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां 18 फीसदी सकल गेमिंग राजस्व (जीजीआर) की दर से कर चुका रही हैं, जो 2-3 फीसदी जीएसटी बैठता है। यह राशि इसकी आठ से 10 गुना होनी चाहिए। अगर मात्रा बरकरार रहती है तो हम इससे सालाना 15,000-20,000 करोड़ रुपये जुटा सकते हैं। 2022-23 में सरकार को इस उद्योग से सिर्फ 1,700 करोड़ का जीएसटी मिला। जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों, कसीनो



पर 28 प्रतिशत कर लगाने का फैसला किया। सचिव ने कहा, सरकार पूर्व की कर मांग वसूली के लिए सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट में आगे बढ़ाएगी। हम हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उच्च दरों पर कर जुटाने का हमारा निर्णय निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर करेगा।

### जीएसटी कानून में संशोधन

### प्रस्ताव मानसून सत्र में

राजस्व सचिव ने कहा, सरकार ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी कर लगाने के फैसले को लागू करने के लिए संसद के मानसून सत्र में जीएसटी अधिनियम में स्पष्टीकरण संशोधन प्रस्ताव लाएगी। मानसून सत्र 20 जुलाई से 11 अगस्त, 2023 तक चलेगा। हमारी कोशिश होगी कि कानून का मसौदा तैयार किया जाए और इसे संसद में पेश कर मानसून सत्र में पारित कराया जाए।


संध्य प्रकाश
दैनिक सांध्य प्रकाश
के 53वें स्थापना दिवस
की सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
परशुराम सिसौदिया
कांग्रेस पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, मंदसौर


संध्य प्रकाश
दैनिक सांध्य प्रकाश
के 53वें स्थापना दिवस
की सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
पमनानी हास्पीटल एवं रिसर्च सेंटर
स्टेशन रोड, मंदसौर


दैनिक सांध्य प्रकाश
के 53वें स्थापना दिवस
की सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
संध्य प्रकाश
:: बधाईकर्ता ::
शरद जैन
भाजपा नेता, संजीत


संध्य प्रकाश
दैनिक सांध्य प्रकाश
के 53वें स्थापना दिवस
की सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
जगदीश देवड़ा
केबिनेट मंत्री, मप्र शासन


SURANA GROUP
Edify SCHOOL
"The Best Guideline for your kids"
SCHOLARSHIP FOR CLASS XI
LIMITED SEATS LEFT
ADMISSIONS OPEN
CLASS NURSERY TO 12th
(Science and Commerce Stream)
CALL OR VISIT CITY OFFICE
Call: 83700 06809, 83700 06805


दैनिक सांध्य प्रकाश
संध्य प्रकाश
के 53वें स्थापना दिवस
की सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
फूलचंद परस्ते
सीएसपी नीमच


संध्य प्रकाश
दैनिक सांध्य प्रकाश
के 53वें स्थापना दिवस
की सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
विपिन जैन
कांग्रेस जिलाध्यक्ष
मंदसौर


RBS GROUP OF INSTITUTION
* छात्रवृत्ति सुविधा * बस सुविधा * न्यूनतम फीस
पुरे संभाग में MBA का सबसे बड़ा महाविद्यालय
Call : 9907610355
MBA - MSW - PGDM कोर्स, SC/ST/OBC के छात्रों के लिये निःशुल्क
MANAGEMENT
MBA
Dual Specialization
योग्यता–स्नातक
(किसी भी विषय में)
EDUCATION
D.Ed(D.El.Ed.)
B.Ed
COMPUTER
DCA-PGDCA
NURSING
GNM Nursing
PB B.Sc.
B.Sc.Nursing
M.Sc.Nursing
PGDM
MSW
PHARMACY
D.Pharma
B.Pharma
9755385050


Hurry up !!
शिशुवन प्ले स्कूल की खास पहचान...
अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा
विशेष डांस क्लासेस
पोर्टफोलियो
नियमित स्वास्थ्य परीक्षण
तकनीकी आधारित प्रायोगिक अध्ययन
नियमित मंचीय अभ्यास
शैक्षणिक भ्रमण
स्टार ऑफ द मन्थ अवार्ड
रेग्युलर स्टूडेन्ट काउंसिलिंग
ऑडियो – विडियो क्लासेस
10,000 वर्गफीट का कारपेट एरिया
अनुभवी एवं प्रशिक्षित स्टाफ
मिनी थिएटर
मिनी स्वीमिंग पूल
मिनी लाईब्रेरी
प्ले प्रोजेक्ट्स
Wonderland of Teaching Just at
₹9,999/-
कोई डोनेशन नहीं
कोई एडमिशन फीस नहीं
कोई छुपा खर्च नहीं
Shishuvan
THE PLAY SCHOOL
शहर के मध्य, आपके घर के नजदीक
सिटी ऑफिस : गुप्ता कचौरी के पास, सहकारी बाजार रोड, मंदसौर
पता : गुराड़िया बालाजी मंदिर के पास, महू-नीमच रोड, मंदसौर
83700 06809, 74705 93011 , 74711 79212


TRUST IN TRUTH
"AIM HIGH"
SHRI SAI PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E. AFF. NO. 1030530
Congratulations!
Admission Open 2023-24
Toppers of class X CBSE Board Examination 2022-23
SISODIYA 87.2%
NAMAN RAO 87%
RADHIKA PATIDAR 86.2%
PRATIBHA PATIDAR 85.6
PRATIKSHA JAIN 84.8%
VISHAL DHAKAD 84.4%
ANMOL PATIDAR 83.8%
HARSHITA BAFNA 81.4%
NEHA PATIDAR 81%
NIKITA JAIN 80.4%
SHAITAN SINGH 80%
Village Panchayat Banikhedi,Elchi Road Dalauda
8109473984,8989646711


दैनिक सांध्य प्रकाश
के 53वें स्थापना दिवस
की सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
ललित चंदेल
कांग्रेस पार्षद वार्ड क्र.13,
नगर परिषद गरोठ


मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. जे.पी. नड्डा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मा. शिवराजसिंह चौहान
मुख्यमंत्री म.प्र.
मा. वी.डी. शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
मा. ज्योतिरादित्य सिंधिया
केन्द्रीय नागरिक उड्डयनमंत्री
अरविंद भदौरिया
मंत्री सहकारिता
रमाकांत भार्गव
सांसद विदिशा रायसेन
रामपाल सिंह (पूर्व मंत्री)
विधायक सिलवानी
सुरेन्द्र पटवा पूर्व मंत्री
विधायक भोजपुर
मा. डॉ. प्रभुराम चौधरी जी
मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को
जन्मदिन की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
सांची विधानसभा क्षेत्र की उपलब्धियां
★केन्द्रीय विद्यालय
★पोलिटेक्निक कॉलेज
★वेटनरी कॉलेज
★जिला चिकित्सालय का उन्नयन एवं निर्माण सुविधाओं की सौगात
★रायसेन किले पर रोपवे की सौगात
राकेश शर्मा
जिला अध्यक्ष, भाजपा, रायसेन
यशवंत मीणा (बबलू भैय्या)
अध्यक्ष, जिला पंचायत रायसेन
मा. डॉ. प्रभुराम चौधरी
मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
सांची विधानसभा क्षेत्र
सौजन्य : समस्त कार्यकर्ता भाजपा सांची विधानसभा क्षेत्र, जिला रायसेन

सांध्यप्रकाश के स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनायें

## बहुयामी फसलों का जिला छिंदवाड़ा

कृषकों की खुशहाली व आर्थिक उन्नति के लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्प

जिले का स्वीट कार्न पूरे देश में लोकप्रिय हो रहा जो कृषकों की समृद्धि का आधार

कृषि विभाग छिंदवाड़ा म.प्र.

सांध्यप्रकाश के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

नया साल नई सरकार

कमलेश शाह
विधायक अमरवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा

दैनिक सांध्यप्रकाश के स्थापना दिवस पर हादिक बधाई शुभकामनायें

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा

शीघ्रता करें समय बीत रहा.....
मुख्यमंत्री ब्याज माफी आवेदन पत्र सहकारी समिति में जमा करें,
बकाया कालातीत मूल ऋण नगद में जमा करें
या ऋण नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र सहकारी समिति में प्रस्तुत करें

मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना का लाभ उठावें.

बैंक की 26 शाखाये एवं 146 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां सदैव आपकी सेवा में तत्पर

प्रभारी मुख्यकार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा

प्रधान कार्यालय, राज टॉकीज के पास, छिंदवाड़ा, दूरभाष क्रमांक 07162-247301, 247301, 247302, 247304, 244308, 247318 फैक्स नंबर - 07162- 247302 email : jskb_chw@rediffmail.com

## छिन्दवाड़ा का एकमात्र हार्ट केयर हॉस्पिटल



हार्ट अटैक का संपूर्ण उपचार, एन्जियोग्राफी, एन्जियोप्लास्टी
सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

डॉ. प्रियदर्शन आर. हांडे
M.D., D.M., Cardiologist (Nagpur)
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध रहेंगे

2D-ECHO & ECG जाँच एवं ओ.पी.डी. समय- प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक

एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी मात्र 65000/- रु. में | मंगलवार शुक्रवार रविवार

जानकारी/अपॉइंटमेंट हेतु सम्पर्क करें :-
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत **एन्जियोप्लास्टी** नि:शुल्क की जायेगी

आरोग्य हेल्थकेयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
07162-242242, 6262640425, 6262640426
9691938897, 9425845755, 9039268309

सिटी प्राइड बिल्डिंग, पूजा होटल के आगे, परासिया रोड, छिन्दवाड़ा (म. प्र.) www.aarogyahospitals.org

सांध्यप्रकाश के स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनायें

## नगरपरिषद हर्रई जिला छिंदवाड़ा

नगर परिषद आम जनता से अपील करती है कि-
- स्वच्छता में लगायेंगे हम पूरादम, तभी बनेगा हमारा नगर नंबर वन
- हम सबने ठाना है नगर को स्वच्छ बनाना है
- नगर के विकास के लिए समय पर कर पटायें
- जल ही जीवन है इसका अपव्यय न करें
- जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करें

श्रीमति संगीता धर्मेन्द्र डेहरिया, अध्यक्ष
अभिषेक मोनू साहू, उपाध्यक्ष

डी.पी. खंडेलकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी
समस्त सभापति एवं पार्षदगण नगरपरिषद हर्रई जिला छिंदवाड़ा

सांध्यप्रकाश के स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनायें

## नगरपरिषद चिचली जिला नरसिंहपुर

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

नगर परिषद आम जनता से अपील करती है कि-
- बापू का घर घर पहुंचे संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो नगर हमारा
- स्वच्छता में लगायेंगे हम पूरा दम, तभी बनेगा मेरा नगर नंबर वन
- मूक प्राणियों के बारे में सोचे, पॉलीथिन का उपयोग छोड़े.
- जल ही जीवन है इसका अपव्यय न करें
- जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करें

शेख मंजूर (बबलू सिंघानिया), अध्यक्ष
सुधांशु ठाकुर, उपाध्यक्ष

अनिल कुमार देवार मुख्य नगरपालिका अधिकारी
समस्त सभापति एवं पार्षदगण नगरपरिषद चिचली जिला नरसिंहपुर

सांध्यप्रकाश के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

## शहर से गांव को जोड़ती सड़कें



ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग छिंदवाड़ा म.प्र.

शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है.

आबकारी विभाग छिंदवाड़ा म.प्र.

बधाई हो! लाड़ली बहनों
आएंगे ₹1000 बढ़कर मिलेंगे ₹3000

महिला बालविकास विभाग छिंदवाड़ा म.प्र.

Elite HOSPITAL INTEGRATED CENTRE OF EXCELLENCE

## छिन्दवाड़ा का प्रथम सर्व सुविधा युक्त लेजर मशीन द्वारा बिना चीरा लगाये पथरी एवं प्रोस्टेट के इलाज का एक मात्र स्थान...

एलीट् हॉस्पिटल

24/7 Helpline 8619259176

सुविधाएँ :-
- परिवार नियोजन
- लेजर से बच्चादानी निकालने की सुविधा
- गर्भाधान पूर्व परामर्श
- टीकाकरण
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- नसबंदी
- सामान्य एवं ऑपरेशन से प्रसव
- गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी
- पेपस्मीयर गर्भाशय की गांठे
- माहवारी सम्बंधित समस्याएं
- नि:संतान दम्पत्तियों के लिए परामर्श (IUI)
- अण्डाशय की गांठे

डॉ. प्रीति बघेल
MBBS ( गोल्ड मेडिलिस्ट) , DGO (दिल्ली )
DNB, MNAMS (दिल्ली) , MRCOG {लंदन}
पूर्व चिकित्सक मदन मोहन मालवी हॉस्पिटल दिल्ली
एम्स भोपाल , एस .एम .एस मेडिकल कॉलेज जयपुर

डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह बघेल
MBBS , MS ( सर्जरी) , MCH (यूरोलॉजी) , जयपुर
DIP. UROGYNAE (जर्मनी)
मूत्र. किडनी रोग एवं स्टोन लेजर सर्जरी विशेषज्ञ एवं किडनी प्रत्यारोपण सर्जन पूर्व चिकित्सक - एम्स भोपाल हमीदिया हॉस्पिटल भोपाल जे. एन.यु. हॉस्टिल भोपाल जे. एन. यु. हॉस्पिटल जयपुर आई. ओ. यू. जयपुर

+ सुविधाएँ :-
- आधुनिक मशीनों से मूत्र मार्ग का परीक्षण (CYSTOSCOPY/UDS/UFM)
- किडनी मूत्राशय अंडकोष की गांठ व कैंसर का उपचार ( हर्निया/हाइड्रोसील/टॉर्सन/ट्यूमर सर्जरी )
- पुरुष इनफर्टिलिटी का इलाज
- लेजर द्वारा पाइल्स /भगंदर / फिशर सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सुविधा
- होलमियम लेजर द्वारा बिना चीरे पथरी का इलाज (RIPS/PCNL/URSL/LITHOTRIPY/CYSTOLITHOLAPAXY)
- होलमियम लेजर द्वारा प्रोस्टेट एवं मूत्र नली की सिकुड़न की जांच एवं इलाज (HOLEP/TURP/OLU/URETHROPLASTY)

इंडियन कॉफी हाउस के सामने, जागीरदार कॉम्पलेक्स, पुलिस ग्राऊण्ड के सामने, खजरी रोड, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

## ₹ 3000 तक बढ़ेगी राशि



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## 21 वर्ष से ही मिलेगा लाभ



**1 करोड़ 25 लाख बहनों को हर महीने ₹ 1000**



**राजकुमारी**
चकरपुर गांव, निवाड़ी
"योजना के एक हजार मैं अपने परिवार पर खर्च करूंगी। मेरे खाते में पैसा होगा तो जब जरुरत पड़ेगी तब खर्च करूंगी।"



**मृदुलेश शुक्ला**
बड़ा बाजार, पन्ना
"मुख्यमंत्री जी इस योजना में जो राशि हमें दे रहे हैं उससे बच्चों की पढ़ाई और घर में पौष्टिक खाने के खर्च में मदद मिलेगी।"



**मोनालिसा मिश्रा**
कुदरा टोला, शहडोल
"हम बहनों के लिए एक सीधी सच्ची योजना की जरुरत थी। सीधे हमारे खाते में पैसे आएंगे। हमारा मान-सम्मान बढ़ेगा।"



**अनीता विश्वकर्मा**
संकटमोचन कॉलोनी, राजगढ़
"मेरे पास आय का कोई साधन नहीं है। ऐसे कठिन समय में मुख्यमंत्री जी की यह योजना मेरे लिए वरदान से कम नहीं है।"



**चाहना**
बिरसा मुण्डा वार्ड, कटनी
"मैं अपने बच्चों को पढ़ाना चाहती हूँ। मुख्यमंत्री जी की इस योजना से हमारे पूरे घर में खुशी है।"

**संपर्क : ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय और जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, हेल्पलाइन नंबर 0755-2700800**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-19231/23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023